**सुविचार**
मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं, मन में रखने से फासले हो जाते हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
करोड़ो की मालकिन कृति सेनन रहती हैं...

Ranchi • Friday, 18 August 2023 • Year : 01 • Issue : 212 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,151.02 |
| निफ्टी | : | 19,365.25 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,545 |
| चांदी | : | 75.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# चुनावी मोड में झारखंड, सियासी जंग शुरू

## डुमरी में गरजे हेमंत- डबल इंजन की सरकार ने राज्य को खोखला किया

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** डुमरी में इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद एक सभा का आयोजन हुआ। केबी हाईस्कूल के मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने एनडीए पर जमकर हमला बोला। कहा कि डुमरी उपचुनाव में जो खिलाफ में खड़े हैं, ये वे लोग देश को भूखा-नंगा करने पर तुले हैं। ये वो लोग हैं, जो आपके शरीर से कपड़ा उतार लेंगे। ये वो लोग हैं, जो गरीब व किसानों के खिलाफ नये-नये कानून, संविधान बनाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। इस देश में अब गरीब, किसान व मजदूरों के लिए जगह नहीं रहेगी। सीएम ने कहा कि 20 साल बीजेपी-आजसू ने झारखंड में राज किया। इन्होंने राज्य में डबल इंजन सरकार भी चलाई। ऐसी सरकार चलाई कि झारखंड को देश का सबसे पिछड़ा राज्य बना दिया। इन्होंने योजनाबद्ध तरीके से इस राज्य को खोखला करने का काम किया। उन्होंने कहा कि झारखंड वासियों के साथ हमेशा उपेक्षा हुई है। इसलिए हमारे पूर्वजों ने जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ी। चाहे वो भगवान बिरसा मुंडा, वीर शहीद सिदो-कानू, निर्मल महतो या बिनोद बिहारी महतो जी हों। अनेक ऐसे क्रांतिकारी लोगों ने लड़ाई लड़ी। उन्हीं की सोच और संघर्ष को दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने लंबी लड़ाई लड़कर मुकाम तक पहुंचाया और हमें हमारे पुरुखों की बदौलत अलग राज्य मिला।


डुमरी में सीएम हेमंत सोरेन को माला पहनाकर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

### NDA की प्रत्याशी सिर्फ मुखौटा है, पीछे है बड़े लोगों का हाथ

उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव में एनडीए ने जिस प्रत्याशी को उतारा है, वह सिर्फ एक मुखौटा है, उसके पीछे बड़े लोगों का हाथ है। कहा कि बीजेपी और आजसू के लोग सिर्फ राज्य की जनता के साथ धोखा करने का काम करते हैं। वर्ष 2019 के पहले किस प्रकार झारखंड के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा था यह किसी से छुपा नहीं है। सीएम ने कहा कि आगामी उपचुनाव में बेबी देवी को विजयी बनाकर दिवंगत टाइगर जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम डुमरी विधानसभा की जनता करेगी। वहीं, एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग जाति-धर्म का जहर फैला रहे हैं। मणिपुर में एक-दूसरे को लड़वाना ही इनका काम है। इनकी सोच है कि देश लड़ेगा, तो इनकी राजनीतिक रोटी पकेगी। सीएम ने कहा कि अब हमलोगों ने कमर कस ली है। अब देश की जनता को लड़ने नहीं देंगे और इनके राजनीतिक मंसूबे पर पानी फेरने का काम करेंगे।

**चुनावी सभा में इनकी रही उपस्थिति**

बेबी देवी के समर्थन में डुमरी के केबी हाई स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी सभा के दौरान मुख्य रूप से सीएम हेमंत सोरेन के अलावे मंत्री बादल पत्रलेख, सत्यानंद भोक्ता व हफीजुल हसन, गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, झामुमो के केंद्रीय सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय, कांग्रेस, राजद, आप, भाकपा माले के अलावे इंडिया दल के कई नेता मौजूद थे।

## डुमरी उपचुनाव : इंडिया व एनडीए प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र

**GIRIDIH :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन के अंतिम दिन जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी और एनडीए की प्रत्याशी यसोदा देवी ने अनुमंडल कार्यालय डुमरी पहुंच कर अपना झ अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। सत्ताधारी गठबंधन की प्रत्याशी और प्रदेश की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी के साथ नामांकन के दौरान झामुमो विधायक मथुरा महतो, कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम विधायक सरफराज अहमद, माले विधायक बिनोद सिंह भी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। नामांकन दाखिल करते समय बेबी देवी बेहद भावुक नजर आई। इस दौरान सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने उन्हें संभालते हुए नजर आए। करीब आधे घंटे की औपचारिक प्रक्रिया के बाद उनके पर्चे को निवार्ची पदाधिकारी ने स्वीकार किया। पर्चा दाखिल करने के बाद जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी ने कहा कि उनका सपना अब उनका नही रहकर उनके पति से जुड़ा हुआ है, डुमरी को हर तरह से स्नेह देना ही उनके चुनाव जीतने का मकसद है। बेबी देवी ने कहा कि टाईगर जगरनाथ महतो ने अंतिम सांस तक इस इलाके का प्रतिनिधित्व किया, हर सुख-दुख की घड़ी में वह डुमरी की जनता के साथ खड़े रहें। बस उनके बताये रास्ते पर चलने की कोशिश ही उनका लक्ष्य है । उन्होंने उम्मीद जताई कि जो स्नेह और समर्थन डुमरी की जनता से उनके पति जगरनाथ महतो को मिला, वह उन्हें भी मिलेगा।

## संकल्प यात्रा पर निकले बाबूलाल मरांडी निशाने पर हेमंत, करार दिया FRAUD

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की 40 दिनों की संकल्प यात्रा गुरुवार से शुरू हो गई है। वीर शहीद सिदो-कान्हो की जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह से इस संकल्प यात्रा की शुरूआत हुई। इस मौके पर बाबूलाल ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री ही फ्रॉड हो उससे राज्य के भलाई, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार ने नाम बदल बदल कर आदिवासियों की जमीन लूटी है। शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया। हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गए। दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया और बसंत सोरेन बसंत कुमार सोरेन बन गए। ऐसे फ्रॉड से राज्य का विकास कैसे होगा। कहा कि राज्य से इस सरकार को हटाने के संकल्प के साथ आपको संकल्प दिलाने आया हूं। इस मौके पर बाबूलाल ने बरहेट में वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू की पावन स्मृति स्थल को नमन किया। बरहेट की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, बंगालादेशी घुसपैठियों, संताल परगना की बदलती डेमोग्राफी, खनिज संसाधन, गरीबों के अनाज की लूट को उजागर किया। साथ ही सोरेन परिवार द्वारा गरीब आदिवासियों की जमीन लूट पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार से विकास की उम्मीद करना बेमानी है। कहा कि जब राज्य के मुख्यमंत्री पर ही आरोप लग रहे हो, तो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। कहा कि आदिवासियों के नाम जमीन की लूट मची है, लेकिन इस पर लगाम नहीं लग रहा है।


साहिबगंज में लोगों का अभिवादन करते पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ।

**जिस उद्देश्य से झारखंड बना वो नहीं दिख रहा**

झारखंड बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह राज्य अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए सरकार की देन है। कहा कि झारखंड राज्य का गठन एक विकसित झारखंड बनाने के लिए, आदिवासी- मूलवासियों के विकास के लिए बनाया गया था, लेकिन आज सत्ता में बैठे लोग खुद तिजोरी भरने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज खान-खनिज की लीज संताल परगना और झारखंड के लोगों को नहीं, बल्कि खास लोगों के नाम यह आवंटित हो रहा है। कहा कि बीजेपी से भी बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन किसी ने आदिवासी की जमीन नहीं लूटी।

**एनडीए की सरकार आने पर बाहरी लोगों को नहीं मिलेगा माइंस का लीज**

बाबूलाल ने कहा कि राज्य में बीजेपी नीत एनडीए की सरकार बनेगी, तो यहां के खान-खनिज की लीज झारखंड वासियों के नाम पर होगा, ना कि कोई मुंबई-दिल्ली लीजधारक होगा। उन्होंने गरीबों का अनाज लूटने का भी आरोप लगाया। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे जा रहे प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम चावल गरीबों के घर तक नहीं पहुंच रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पुलिस-प्रशासन लोगों को लूटने में लगा है। बिना पैसे के कोई काम कहीं नहीं हो रहा है। कहा कि अगर लोग विरोध करते हैं, तो उन पर फर्जी मुकदमे लाद दिए जा रहे हैं। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति काफी खराब है।

## BRIEF NEWS

### मलेशिया में प्राइवेट जेट क्रैश, 10 लोगों की मौत

**KUALA LUMPUR :** मलेशिया में गुरुवार को एक प्राइवेट प्लेन क्रैश होने से 10 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हादसा लैंडिंग के दौरान एलमिना टाउनशिप के नजदीक हुआ। प्लेन में 2 क्रू मेंबर और 6 पैसेंजर सवार थे। हादसे में सड़क से गुजर रहे दो लोगों की भी मौत हो गई। ये दो लोग एक कार और बाइक सवार थे। दरअसल, हादसे से कुछ देर पहले प्लेन का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क टूट गया। यह हाईवे पर लैंड करने लगा, उसी दौरान एक कार और एक बाइक से टकरा गया। सिविल एविएशन अथॉरिटी के मुताबिक प्राइवेट जेट ने हॉलिडे आईलैंड से कुआलालम्पुर के नजदीक अब्दुल अजीज शाह एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी।

### ऋषिकेश में राम झूला पुल हुआ धराशाई

**DEHRADHUN :** राज्य में अभी लोगों को बारिश से निजात पाना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। मौसम विभाग के 21 अगस्त तक के लिए जारी येलो अलर्ट से तो कम से कम यही लग रहा है। भारी बारिश के कारण जहां ऋषिकेश में मुनि की रेती स्थित राम झूला पुल का पुस्ता ढह गया है वहीं विकास नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम लांघा जाखन में कल हुए भूस्खलन में सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यही नहीं लगातार हो रही बारिश से ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रदेश के कुल 231 मार्ग बाधित हैं। इन अवरुद्ध मार्गों को खोलने का कार्य जारी है। गुरुवार सुबह से लेकर दोपहर तक देहरादून सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर मौसम खुला रहा।

### सिम बेचने वालों का होगा पुलिस सत्यापन

**NEW DELHI :** देश में मोबाइल फोन के सिम विक्रेताओं का अब पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, जिसमें उनकी बायोमेट्रिक जानकारी भी शामिल है। अब बड़ी संख्या में बिजनेस कनेक्शन लेने वाले कारोबारियों को सिम देते समय सम्बन्धित कर्मचारी का केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। केन्द्रीय टेलीकॉम मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गुरुवार को टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़े दो रिफॉर्म की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन रिफॉर्म का मकसद केवल उपयोगकर्ता को साइबर धोखाधड़ी से बचाना है। उन्होंने कहा कि सिम बेचने वाले को अब गलत तरीके से इसे बेचने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके लिए उसका पुलिस और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा और बड़ी संख्या में सिम खरीद पर रोक होगी।

### चतरा में जेजेएमपी का उग्रवादी गिरफ्तार

**CHATRA :** जिले की टंडवा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के नाम से लेवी मांगने वाले एक उग्रवादी का गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी का नाम फलेन्द्र गंझू उर्फ ठुपा गंझु है। वह लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित भगिया टोला का रहने वाला है। इसके पास से धमकी देने वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया है। चतरा एसपी राकेश रंजन ने गुरुवार को बताया कि 16 अगस्त को एनटीपीसी टंडवा में कार्य रही सिंपलेक्स कंपनी से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर भीम के नाम पर लेवी मांगी गयी थी।

## रांची के मुरी में बैल को बचाने कुएं में उतरे सात युवक, 5 की मौत, गांव में पसरा मातम

### कुंआ की मिट्टी धंसने से हुआ हादसा, ग्रामीणों ने दो की बचाई जान

**CRIME REPORTER RANCHI :** मुरी ओपी क्षेत्र के पिस्का गांव में गुरुवार शाम करीब पौने चार बजे बड़ा हादसा हो गया। बैल को बचाने के दौरान कुआं धंसने से पांच ग्रामीणों की मौत हो गयी। दो लोगों को किसी तरह बचाया गया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से गांव में मातम है। घटना के बारे में बताया गया कि घास चरने के दौरान एक बैल गोलटू मांझी के कुएं में जा गिरा। ग्रामीणों की नजर पड़ी, तो लोग बैल को कुएं से निकालने का प्रयास करने लगे। बैल की जान बचाने के लिए सात लोग कुएं में घुसे। बैल को जब कुएं से बाहर निकाला जा रहा था, उसी क्रम में कुआं धंस गया। सभी लोग कुएं में दब गए। इसके बाद पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। गांव वाले कुएं में दबे लोगों को बचाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप और मुरी थाना प्रभारी विपुल कुमार झा दल-बल के साथ करीब शाम पौने पांच बजे मौके पर पहुंचे। फिर जेसीबी को बुला कर बचाव कार्य शुरू किया गया। सिल्ली बीडीओ भी मौके पर पहुंचे। बारिश के पानी से कुआं भरा हुआ था। कुआं के अचानक धंसने से सात ग्रामीण उसमें दब गये। किसी तरह दो लोगों को बचा लिया गया। उन्हें गंभीर हालत में तत्काल अस्पताल भेजा गया। जबकि पांच लोगों को नहीं बचाया जा सका। कुआं में दबे लोगों की पहजान की जा रही है। रेस्क्यू अभियान देर तक चला। अब तक जान गंवाने वालों की अधिकृत जानकारी नहीं दी गयी है।


कुंआ की मिट्टी धंसने के बाद बचाव कार्य में जुटे लोग व जुटी भीड़ • फोटोन न्यूज

> “सिल्ली के मुरी क्षेत्र स्थित पिस्का गांव में कुंए में 5 लोगों की मरने की दु:खद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।
>
> **हेमंत सोरेन, सीएम।**

## मां छिन्नमस्तिका के दरबार पहुंचे साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत



**RAMGARH :** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत गुरुवार को रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में लगे रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। रजनीकांत के यहां आने की खबर जैसे ही उनके फैंस को लगी, लोग सेल्फी लेने के लिए मंदिर पहुंच गए। रजनीकांत की यहां आने की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। राज्यपाल से मिलने के बाद रजनीकांत का काफिला रांची से रामगढ़ पहुंचा। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका के चरणों में शीश नवाया। हालांकि, इस दौरान मीडिया से उनकी बात नहीं हो पाई। फैंस से मिलने के बाद रजनीकांत रांची निकल गए।

## चंद्रमा पर उतरने को मचल रहा चंद्रयान-3

### पीएम से सफलतापूर्वक हुआ अलग, लैंडिंग 23 को




**AGENCY NEW DELHI :** भारत अंतरिक्ष में इतिहास रचने से अब बस कुछ ही कदम दूर है। गुरुवार को लैंडिंग मॉड्यूल को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया। इसकी जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ट्वीट कर दी है। चंद्रयान 3 मिशन को एक और बड़ी कामयाबी मिल गयी है। लैंडिंग मॉड्यूल को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया है। कल लगभग 4 बजे के लिए नियोजित डीबूस्टिंग पर लैंडिंग मॉड्यूल थोड़ी निचली कक्षा में उतरने के लिए तैयार है। यह जानकारी इसरो ने दी है। विक्रम लैंडर 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग होने के बाद विक्रम लैंडर ने आगे यात्रा शुरू कर दी है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर लैंडिंग होगी। विक्रम लैंडर को चांद की सतह पर उतरने की आखिरी 100 किलोमीटर की यात्रा खुद करनी है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने हाल में कहा था कि लैंडिंग का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा लैंडर के वेग को 30 किलोमीटर की ऊंचाई से अंतिम लैंडिंग तक लाने की प्रक्रिया है और यान को क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में स्थानांतरित करने की क्षमता वह प्रक्रिया है जहां हमें अपनी काबिलियत दिखानी होगी। सोमनाथ ने कहा, लैंडिंग प्रक्रिया की शुरूआत में वेग लगभग 1.68 किलोमीटर प्रति सेकंड है, लेकिन यह गति चंद्रमा की सतह के क्षैतिज है। यहां चंद्रयान-3 लगभग 90 डिग्री झुका हुआ है, इसे लंबवत करना होगा। क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में बदलने की यह पूरी प्रक्रिया गणितीय रूप से एक बहुत ही दिलचस्प गणना है। हमने कई बार इस प्रक्रिया को दोहराया है। यहीं पर हमें पिछली बार (चंद्रयान-2) समस्या हुई थी। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि इसके अलावा यह सुनिश्चित करना होगा कि ईंधन की खपत कम हो, दूरी की गणना सही हो और सभी गणितीय मानक ठीक हों। सोमनाथ ने कहा कि व्यापक सिमुलेशन (अभ्यास) किए गए हैं, मार्गदर्शन डिजाइन बदल दिए गए हैं।

### अयोध्या में सामने आईं राम मंदिर की नई तस्वीरें, 10 फीट ऊंचे पिलर तैयार

## रामलला का गर्भगृह बनकर तैयार, दीवारों पर भव्य नक्काशी

**AGENCY AYODHYA :** अयोध्या के राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आईं हैं। पहली तस्वीर मंदिर के फर्स्ट फ्लोर के निर्माण की ड्रोन से ली गई है। फर्स्ट फ्लोर पर बन रहे खंभे 10 फीट ऊंचे तैयार हो चुके हैं। इसके बाद छत डाली जानी है। दूसरी तस्वीर में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर कॉरिडोर को दिखाया गया है। इन दोनों तस्वीरों को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने राम मंदिर के गर्भगृह की छत का वीडियो जारी किया। इसमें दिख रहा है कि रामलला का गर्भगृह बनकर तैयार हो चुका है। गर्भगृह की दीवारों पर भव्य नक्काशी की गई है। गर्भगृह की छत के बीच बनी नक्काशी के नीचे सिंहासन पर रामलला विराजमान होंगे। जहां रामलला विराजमान होंगे, वहां इस समय झंडा दिख रहा है। मंदिर निर्माण में राजस्थान और कर्नाटक के पत्थर लगाए जा रहे हैं। डिजाइन के लिए पिंक सैंड स्टोन लगाए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह की दीवार और छत बन चुकी है। फर्श और बाहर का काम बाकी है। ग्राउंड फ्लोर में 166 खंभों पर मूर्तियों को उकेरने का काम चल रहा है। मंदिर के गर्भगृह में लगे 6 खंभे सफेद संगमरमर के हैं, जबकि बाहरी खंभे पिंक सैंडस्टोन से बनाए गए हैं। राम मंदिर डूबते सूरज की रोशनी में दिव्य आभा बिखेर रहा है। श्रीराम मंदिर में राम लला की प्रतिष्ठा जनवरी 2024 में होगी। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को औपचारिक न्योता भेज दिया है। ट्रस्ट के सदस्य ने इसकी पुष्टि की है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम मंदिर ट्रस्ट करीब 10 हजार लोगों को आमंत्रण भेजेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, हमने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से न्योता दिया है। इसमें 15 जनवरी से 24 जनवरी 2024 के बीच की डेट्स दी गई हैं, लेकिन असल तारीख का फैसला प्रधानमंत्री ही करेंगे।


राम मंदिर के फर्स्ट फ्लोर की तस्वीर।

**रामनवमी पर होगा भगवान का जन्म उत्सव**

साल 2024 में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को राम नवमी के दिन भगवान का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। राम जन्म के समय ठीक दोपहर 12:00 बजे सूर्य की किरणें कुछ देर के लिए रामलला की मूर्ति पर पड़ेंगीं। इससे जन्म के समय रामलला का दर्शन बहुत ही दिव्य और भव्य होगा। खगोल शास्त्र के लोग इसे लेकर काम कर रहे हैं। भगवान श्री राम के जन्म के समय बहुत तेज धूप होती है। इसके साथ मंद, शीतल हवाएं सरयू के जल को स्पर्श करते हुए भगवान के पास पहुंचती हैं। सरयू में लहरें तेज हो जाती हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय ने बताया, ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण के बाद भक्तों की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर और आसपास यात्री सुविधाओं का निर्माण शुरू कर दिया है। इसमें होटल, रेस्त्रां, डॉरमेट्री और धर्मशाला बनाई जाएगी। 25 हजार यात्रियों के ठहरने और सुविधाओं से जुड़े केंद्र का निर्माण चल रहा है।

BRIEF NEWS

## कोयल नदी पर रबर डैम की मांग, युवा कांग्रेस प्रवक्ता ने किया सांकेतिक अनशन

**PALAMU:** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह और सचिव अभिषेक तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में बारिश के बीच गुरुवार को सांकेतिक अनशन किया गया। सांकेतिक अनशन कोयल नदी पर रबर डैम की कार्य योजना युद्ध स्तर पर बनाने के लिए किया गया। मणिकांत ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का धन्यवाद करते हुए जिला प्रशासन से गत स्वतंत्रता दिवस पर घोषित रबर डैम की कार्य योजना 30 दिनों के अंदर शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने को बाध्य होंगे। अभिषेक तिवारी ने कहा कि ये कार्य जल्द नहीं किया गया तो 10 महीने के बाद ही जल संकट से पलायन देखना शुरू हो जाएगा। फल्गु जैसी अभिशप्त नदी को जब रबर डैम से फिर से क्रियाशील बनाया जा सकता है तो कोयल में यह अवश्य ही प्रभावी रहेगा। संचालन कर रहे सूर्यांश प्रताप सिंह ने कहा कि पेयजल आपूर्ति योजना फेज 2 तब तक कारगर नहीं होगी, जब तक कोयल नदी के पानी को बांधा नहीं जाता। मौके पर पलामू युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना खान, आकाश कुमार, वेदप्रकाश सिंह, शौर्य, सोहैल, कुंदन सिंह, अभिषेक सिंह, अंकित, अवनीश, कृष्णकांत, शाहबाज तथा कई युवक मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 में तगड़ी लड़ाई होगी, यह देशहित में अच्छा होगा : नीतीश

**PATANA:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को दिल्ली से वापस आने पर पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में तगड़ी लड़ाई होगी। यह देशहित में बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि वे डॉक्टर से आंख का चेकअप कराने दिल्ली गये थे। डेढ़-दो साल पहले आंख का ऑपरेशन हुआ था। बीच-बीच में जाकर आंख का चेकअप कराना होता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बातचीत विपक्षी पार्टियों के नेताओं से होती रहती है। किसी नेता से बात करने हम दिल्ली नहीं गये थे। इसी महीने 31 अगस्त और एक सितंबर को विपक्षी दलों की मुम्बई में मीटिंग होगी। इस मीटिंग में शामिल होने हमलोग मुम्बई जायेंगे। जदयू को लेकर प्रशांत किशोर के बयान पर कहा कि हम इस पर ध्यान नहीं देते हैं। कौन क्या बोलता है उससे हमें क्या लेना-देना है। आप लोग जनता से पूछिये तब पता चलेगा। बिहार में आपराधिक घटनाओं से संबंधित सवाल पर नीतीश ने कहा कि बिहार में आपराधिक घटनाएं काफी कम हैं। आप लोग आंकड़ा देखिए। कुछ लोग बिना मतलब के ऐसी बातें बोलते रहते हैं। उन लोगों ने मीडिया पर कब्जा कर लिया है। एकतरफा खबरें मीडिया में आती रहती है। हमलोगों की बातें मीडिया में नहीं चलने दिया जाता है।

## विधानसभा का प्रयोग भड़ास निकालने के लिए कर रहे हैं केजरीवाल : भाजपा

**NEW DELHI:** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा का प्रयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के खिलाफ अपनी भड़ास निकालने के लिए किया है। दिल्ली की जनता से मिले इतने बड़े जनादेश का उपयोग उन्हें निरर्थक, अनर्गल और आधारहीन बातें करने के लिए नहीं करना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे देश में एकमात्र दिल्ली की विधानसभा ऐसी है जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री इसका उपयोग दिल्ली के विषयों के लिए नहीं करते हैं। वे हमेशा इधर-उधर की बातें करते हैं। इससे उनकी प्रधानमंत्री और भाजपा के खिलाफ ईर्ष्या और कुंठा साफ दिखाई देती है। उनके सवैधानिक दायित्व पर उनका अराजक चरित्र हावी हो गया है। संवैधानिक मंच का प्रयोग वे अपनी भड़ास निकालने के लिए कर रहे हैं।

# सांप्रदायिक ताकत को भगाने की जरूरत : जयप्रकाश नारायण यादव

**PHOTON NEWS RANCHI:** राजद के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिला अध्यक्ष ,महिला जिला अध्यक्ष और युवा जिला अध्यक्ष की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में संगठन का विस्तार, अंबेडकर पर परिचर्चा और जिला सम्मेलन पर चर्चा की गयी। बैठक में सभी जिला अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत पार्टी को मजबूत करने के जिम्मेदारी दी गयी।

मौके पर झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के अथक प्रयास से इंडिया के तहत सभी पार्टी




मंच को संबोधित करते जयप्रकाश नारायण यादव • फोटोन न्यूज

एकजुट हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में जो सांप्रदायिक ताकत है उसे भगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार एक ऐसा नेता प्रधानमंत्री के रूप में बना जो सिर्फ झूठे वादे ही करता है।

इसलिए देश से भाजपा को भगाना है और देश बचाना है। मणिपुर में जिस तरह की घटना घटी उससे पूरा देश शर्मसार हुआ। वैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने बोलना भी उचित नहीं समझा।

ऐसे प्रधानमंत्री से देश को कोई भी उम्मीद नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन कि मजबूती से ही जीत निश्चित हो सकती है और सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को एक साथ समन्वय बनाकर काम करने की आवश्यकता है। पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में हुए कम वर्षा को ध्यान में रखते हुए आज यह प्रस्ताव पारित किया कि झारखंड को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए । सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष ने एकमत से इस प्रस्ताव का समर्थन किया।



## राज्यपाल से अभिनेता रजनीकांत ने की मुलाकात

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भारतीय फिल्म अभिनेता रजनीकांत ने बुधवार रात राजभवन में मुलाकात की। राजभवन ने गुरुवार को बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। • फोटोन न्यूज

### प्रतियोगिताओं के इस दौर में वही आगे बढ़ेंगे जिनमें तमाम चुनौतियों व संघर्षों से निपटने की क्षमता होगी: मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क आवासीय कोचिंग का किया शुभारंभ

- आदिवासी बच्चे अब विदेश में प्राप्त कर रहे हैं उच्च शिक्षा
- 156 युवक- युवतियों का हुआ है चयन
- संवेदनशील विषयों को लेकर सरकार बेहद गंभीर
- राज्य के जो लोगों ने जो सपने देखे थे, उसे पूरा कर रहे हैं
- विलुप्त रहे हैं कई आदिवासी समुदाय



निःशुल्क आवासीय कोचिंग का शुभारंभ में पहुचे सीएम • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज प्रतियोगिता का जमाना है। समाज में समय के साथ तेजी से कई बदलाव आ रहे हैं । इसमें आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ने की जरूरत है। इसके लिए आपको संघर्ष करना होगा। कई चुनौतियां से निपटना होगा। कड़ी मेहनत करनी होगी। नए रास्ते बनाने होंगे। अपनी गति को बनाए रखनी होगी, तभी, आप आगे बढ़ेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इन तमाम परिस्थितियों से निकलते हुए कामयाबी की मंजिल प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, रांची में अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय (पीवीटीजी ) के युवक-युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम का पारंपरिक तरीके से नगाड़ा बजा कर शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने पीवीटीजी को समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष खड़ा करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम की शुरूआत की है। आगे इस तरह की कई योजनाएं और भी आएंगी और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के मुफ्त राशन पर आप सिर्फ जिंदा रह सकते हैं। आप इस राशन के भरोसे ना आप पढ़ाई- लिखाई कर सकते हैं और ना रोजगार पैदा कर सकते हैं। मुफ्त राशन के जरिए आप आगे कभी नहीं बढ़ सकते हैं । ऐसे में मेरा मानना है कि सरकार का दायित्व सिर्फ लोगों को मुफ्त राशन भर देना नहीं है, बल्कि तमाम संवेदनशील विषयों पर बेहतर नीति बनाने के साथ उसे धरातल पर उतारने की जरूरत है । इसी सोच के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है और राज्य को नई दिशा देने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आदिवासी खासकर अत्यंत संवेदनशील जनजातीय समूह के लोगों की संख्या का लगातार कम हो रही है । ऐसे कई जनजातीय समूह विलुप्त होने की कगार पर हैं । अगर हम नहीं चेते तो आने वाले दिनों में इनका वजूद खत्म हो सकता है। ऐसे में हमारी सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर कई योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदायों को सशक्त और मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार के द्वारा आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यकों के बच्चों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के द्वारा बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है । वहीं , फूलो -झानो आशीर्वाद योजना के तहत हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। हमारी सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो झारखंड की दशा और दिशा को बदलने का काम कर रहे हैं । यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक कि हमारा राज्य और हमारी जनता समृद्ध और खुशहाल नहीं बन जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा अलग राज्य बनने के बाद लोगों ने जो सपने देखे थे, वे कितने हकीकत में साकार हुए । इस पर मंथन करने की जरूरत है । विशेष कर आदिवासी बहुल राज्य में आदिवासियों के विकास में हम कितना आगे बढ़े, इस पर भी विचार करना होगा। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि पिछले दो दशकों में जो काम नहीं हुए हमारी सरकार ने कोरोना जैसी महामारी से निपटते हुए काफी कम समय में कई ऐसी गतिविधियां चलाई हैं, जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

पीवीटीजी समुदाय के युवक-युवतियों के निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए कुल 373 आवेदन मिले थे। इसमें 156 आवेदकों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। चयनित आवेदकों में 63 युवती और 93 युवक शामिल हैं। इसमें असुर समुदाय के 33, बिरहोर समुदाय के 3, बिरजिया समुदाय के 27, कोरवा समुदाय 22, परहैया समुदाय के 9, सबर समुदाय के 1, माल पहाड़िया समुदाय के 38, सौरिया पहाड़िया के 23 युवक युवती हैं।इसके अलावा शिक्षण के लिए शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है।

## मुख्यमंत्री ने मुखिया के विरुद्ध अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीई दर्ज करने की दी अनुमति

**RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी है। अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पाकुड़ की इलामी पंचायत की आरोपित मुखिया मिसफिका हसन के खिलाफ पीई दर्ज कर जांच करने की अनुमति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (जमशेदपुर आईआर संख्या-28/18) की आरोपित मिसफिका हसन (मुखिया, इलामी पंचायत, ग्राम-इलामी, प्रखंड-पाकुड़) के खिलाफ अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में पीई दर्ज कर जांच की अनुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (झारखंड) को दिए जाने के प्रस्ताव की स्वीकृति दी है। आरोपित मुखिया के विरुद्ध परिवादी का परिवाद पत्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार सत्यापित है। परिवादी से शपथ पत्र प्राप्त है। ब्यूरो सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार आरोपित के नाम से वर्ष 2016 से मई, 2018 के बीच आठ रजिस्टर्ड डीड है। अन्य संपत्तियां भी हैं, जिसे खुले जांच से प्राप्त किया जा सकता है। परिवाद पत्र में लगाए गए आरोपों के सत्यापन के बाद तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सह सत्यापनकर्ता भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (दुमका) द्वारा समर्पित सत्यापन प्रतिवेदन में परिवादी के आरोपों की पुष्टि की गयी है। इसके बाद पूरे मामले की खुली जांच को लेकर अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में पीई दर्ज करने की अनुशंसा की गयी थी।

# विपक्ष ने संसद सत्र बाधित कर लोकतंत्र का घोर उल्लंघन किया : संजय सेठ

**PHOTON NEWS RANCHI:** सांसद संजय सेठ ने संसद के मॉनसून सत्र के दौरान कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने सदन की कार्यवाही को बाधित कर लोकतंत्र का घोर उल्लंघन किया। इसके लिए भले ही वे सदन से माफी मांगें, पर देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। क्योंकि जब सदन चलता है, तो उसके हर मिनट का महत्व होता है। वे गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने संसद में गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया। मणिपुर के जिस मुद्दे को लेकर विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा था, संसद सत्र की शुरूआत में ही गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर पर विस्तृत चर्चा की बात कही थी। इसके बावजूद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।



**लोकसभा में चांडिल का मसला उठाया**

संजय सेठ ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में उन्होंने अपने क्षेत्र की बात रखी। लोकसभा का मानसून सत्र 20 दिनों के लिए इसलिए बुलाया गया था कि ताकि सभी अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं सदन के माध्यम से सरकार के समक्ष रख सकें। साथ ही कई महत्वपूर्ण बिल विधेयक पास हो सके। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में सवाल उठाया था कि कैंसर को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल किया जाए। इससे कैंसर मरीजों की ट्रैकिंग आसान होगी। साथ ही उनका उपचार आसानी से होगा। चांडिल डैम चार दशक पहले बना है। आज भी वहां के विस्थापित न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इस मुद्दे पर भी सरकार से मांग की। चांडिल डैम बनने की प्रक्रिया आरंभ होने से लेकर अभी तक की स्थिति पर सीबीआई से जांच कराने की मांग की।

# बाबूलाल की संकल्प यात्रा को लेकर टुंडी में 21 सदस्यीय व्यवस्था टोली का गठन

### संकल्प यात्रा के दूसरे चरण के दौरान 27 अगस्त को बाबूलाल टुंडी में सभा को करेंगे संबोधित

**PHOTON NEWS NIRSA :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में 27 अगस्त को टुंडी उच्च विद्यालय के मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। सभा की तैयारिओं को लेकर टुंडी विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक गुरुवार 17 अगस्त को टुंडी उच्च विद्यालय के प्रांगण में जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से दूसरे चरण यात्रा के संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा उपस्थित हुए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिनेश सिंह व धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री फिरोज दत्ता ने किया। बैठक में



पत्रकारों को संबोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा व अन्य • फोटोन न्यूज

कार्यक्रम को लेकर 21 सदस्यीय व्यवस्था टोली बनाई गई। बैठक के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि टुंडी में बाबूलाल मरांडी की सभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार, महिलाओं व आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार और राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था के खिलाफ निकाली जा रही है।

प्रेस वार्ता में विक्रम पांडे, रामप्रसाद महतो, सुरेश महतो, रमेश महतो, जेबा मरांडी, नीलकंठ रवानी, प्रदीप वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावे रामनारायण भगत, पीयूष तिवारी, बिपिन दा, संजीव मिश्र, बबली दास, रणजीत सिंह, आशुतोष पाल, समीर साव, अवध चौधरी, योगेश ठाकुर, खिरोधर मंडल, मन्टू मंडल, संदीप मंडल, संजीत सिंह, सरोज महतो, कयूम अंसारी भी बैठक में शामिल थे।

### पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण पर्षद पर अवमानना की कार्रवाई चलाने की अपील

# सरयू राय ने स्पीकर के पास दायर किया विशेषाधिकार हनन का मामला




निर्दलीय विधायक सरयू राय : फाइल फोटो

**PHOTON NEWS RANCHI:** विधायक सरयू राय ने विधानसभा अध्यक्ष के पास वन एवं पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला दायर किया है। उन्होंने विभाग, पर्षद के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारियों पर विधानसभा की अवमानना करने का आरोप लगाया है। कहा है कि विधानसभा में विभाग और पर्षद ने उनके सवाल का गलत और भ्रामक जवाब देकर सदन को गुमराह किया है। इसलिए अवमानना का मामला चलाया जाए। सरयू राय ने कहा कि विधानसभा के मॉनसून सत्र में उन्होंने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग को लेकर एक अल्पसूचित प्रश्न पूछा था।

उसपर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने जो जवाब दिया है वह पर्षद के 2011 और 2013 में जारी निदेर्शों के विपरीत है। राय ने कहा कि उनके सवाल में वन एवं पर्यावरण विभाग ने भी सदन को गुमराह किया है और कहा है कि कोयला का भंडारण पर्षद से सीटीओ प्राप्त क्षेत्र पर ही किया जाता है। उन्होंने इस संबंध में रामगढ़ और सरायकेला-खरसांवा जिला के उपायुक्त एवं जिला खनन पदाधिकारी से भी एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग की मांग की है।

# दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र परियोजनाओं पर अमल की मांग की

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को पत्र लिखा। रांची जिला अंतर्गत सिल्ली के पास प्रस्तावित हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढू जलाशय परियोजना पर कार्य प्रारंभ करने की मांग की। पत्र में लिखा है कि हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढू जलाशय योजना के सर्वेक्षण और डीपीआर के निर्माण के लिए कंसलटेंट का कार्य 10 वर्ष पूर्व ही आवंटित किया गया था। उसका भुगतान भी हो चुका है लेकिन योजना का निर्माण अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है। प्रकाश ने



जनमानस को ध्यान में रखते हुए हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढू जलाशय योजना का कार्य निर्माण के लिए शीघ्रातिशीघ्र यथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। /चंद्र प्रकाश उल्लेखनीय है कि इस हाइडल पावर प्रोजेक्ट राढू जलाशय के बन जाने से लोगों को सस्ती दर में बिजली, सिंचाई की सुविधा के साथ साथ लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी।

# रिम्स में स्ट्राइक से 28 लोगों की मौत का मामला : वन मैन कमिटी की रिपोर्ट दायर करने के लिए मिला समय

## तीन महीने में रिपोर्ट सौंपने का हाईकोर्ट ने दिया था निर्देश, अब 27 सितंबर को होगी सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले की जांच को लेकर बनी कमेटी को 4 सप्ताह का अवधि विस्तार दिया है। कोर्ट ने पूर्व में मामले की जांच को लेकर गठित रिटायर्ड प्रधान डिस्ट्रिक्ट जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी को 3 माह में जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वन मैन कमेटी की रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो सकती हो सकी है, इसलिए 4 सप्ताह का समय और दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। बता दें कि दायर याचिका में प्रार्थी झारखंड छात्र संघ ने कमेटी बनाकर मामले की जांच करने एवं घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने का आग्रह कोर्ट से किया था। याचिका में कहा गया कि 1 जून 2018 को एक पेशेंट गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में मौत हो गई थी। इस घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने विरोध किया था। इस दौरान ही जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। इस घटना के अगले दिन रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी। मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन जूनियर डॉक्टर एवं नर्स को नोटिस दिए जाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## यौन शोषण मामला : विधायक प्रदीप यादव की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपी पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुभाष चंद की कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। पूर्व में कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी / एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं अधिवक्ता ललित यादव ने पैरवी की। सूचक की ओर से अधिवक्ता गौतम कुमार , विनोद साहू और ने पैरवी की। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 2 अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज कराई थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिली है।

## अपर बाजार को जाममुक्त बनाने के लिए हाईकोर्ट का नगर निगम को निर्देश बने PARKING ZONE, फायर फाइटिंग इक्विपमेंट भी लगाएं दुकानदार

**RANCHI :** राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित कमर्शियल भवनों के बेसमेंट में दुकान चलाने एवं अपर बाजार में संकरी गली के जाम की स्थिति को दुरुस्त करने और दुकानों में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि रांची स्थित अपर बाजार मार्केट एरिया में 15 दिनों के भीतर शॉपकीपर ओनर फायर फाइटिंग की व्यवस्था करें। अपर बाजार में अतिक्रमण हटाने को लेकर रांची नगर निगम लीगल तरीके से नोटिस जारी करते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण हटाए साथ ही नगर निगम अपर बाजार में टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर के लिए पार्किंग जोन बनाए।

**अपर बाजार में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित**

अपने आदेश में हाईकोर्ट ने कहा कि अपर बाजार एरिया में बड़े वाहनों ट्रैक्टर, ट्रक आदि को घुसने नहीं दिया जाए, बड़े वाहनों को अपर बाजार से दूर रखा जाए, जिससे अपर बाजार जाम मुक्त रहे। इसके अलावा अपर बाजार में फायर फाइटिंग व्यवस्था पर अग्निशमन विभाग समय-समय पर निगरानी करता रहे। कोर्ट ने उक्त दिशा निर्देश देते हुए इस जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव, झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारूका ने पैरवी की।

बता दें कि हाईकोर्ट में हुई पिछली सुनवाई में नगर निगम द्वारा दाखिल शपथ पत्र में बताया गया था कि करीब 6 लोगों को अवैध रूप से बनाए गए स्ट्रक्चर को तोड़ने का आदेश पारित किया गया था। इनमें से कुछ लोगों ने निगम के इस आदेश के खिलाफ आरआरडीए के ट्रिब्यूनल में अपील दायर की है। नक्शा के अनुरूप नहीं बने भवनों को रेगुलराइज करने के लिए राज्य सरकार एक पॉलिसी ला रही है, इसका ड्राफ्ट प्रपोजल बनाया जा रहा है। वहीं कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि अपर बाजार में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए है। यह भी पूछा था कि अपर बाजार के क्षेत्र में भवनों में आग से बचाव के लिए उपाय किए गए हैं। मामले को लेकर सेंटर फॉर आरटीआई की ओर से जनहित याचिका दाखिल की थी।

## HC में हाजिर हुए ACB के SP, कहा- मेनहर्ट केस में जांच जारी, विधि विभाग से मांगा है मंतव्य

**RANCHI :** पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के विधायक सरयू राय की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पिछले आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर हाईकोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि मंत्रिपरिषद से अनुमति मिलने के बाद पीई दर्ज की जा चुकी है। मामले की जांच की जा रही है। विधि विभाग से कुछ बिंदुओं पर मन्तव्य मांगा गया है। मंतव्य मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। विधायक सरयू राय की ओर से वरीय अधिवक्ता ए के कश्यप ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार और दीपांकर राय ने बहस की।

**सरयू राय ने हाईकोर्ट में दाखिल की है क्रिमिनल रिट**

दरअसल झारखंड के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मेनहर्ट घोटाला की जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विधायक सरयू राय ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई। विधायक सरयू राय ने मेनहर्ट मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने और एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर याचिका दायर की है। जबकि अदालत ने 18.7. 2023 को सरकार को जवाब देने और इस मामले में दर्ज पीई हाईकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था। सरयू राय ने मेनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के संबंध में परामर्श एवं अन्य कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी।

## शिबू सोरेन लोकपाल मामले में 25 अगस्त को होगी सुनवाई

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से आंशिक बहस की गई, जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि निर्धारित की है, पूर्व की सुनवाई में अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसे कोर्ट ने 25 अगस्त तक विस्तार दिया है, शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई। शिबू सोरेन की ओर से देश के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल पक्ष रख रही हैं। वहीं लोकपाल की ओर से एसजीआई (सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इंडिया) तुषार मेहता पक्ष रख रहे हैं।

## टेरर फंडिंग मामले में आरोपी महेश, अमित और अजय की ट्रायल पर रोक के आवेदन पर हाईकोर्ट से एनआईए ने जवाब के लिए मांगा समय

**RANCHI :** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल के अलावा अजय कुमार सिंह और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटिशन पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से एनआईए कोर्ट में चल रही ट्रायल पर रोक लगाने का आग्रह करने वाले आवेदन पर एनआईए ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पाहवा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, ऋषभ कुमार ने पैरवी की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था।साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआइए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआइए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।




## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए DGP से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**CRIME REPORTER RANCHI :** चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा नेता राजेंद्र साहू के हत्यारों को जल्द पकड़ने की मांग की। राज्य में बढ़ते अपराध पर अविलंब रोक लगाने की भी अपील की। उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, मुनेश्वर साहू (प्रदेश मंत्री), शिवपूजन पाठक (प्रदेश मीडिया प्रभारी), प्रतुल शाहदेव (प्रवक्ता), योगेंद्र प्रताप सिंह (प्रदेश सह मीडिया प्रभारी), जनार्दन पासवान और प्रकाश राम (पूर्व विधायक) तथा सुनील साहू (जिला महामंत्री) भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अपराधियों के द्वारा राजनीतिक, सामाजिक कार्यकताओं को आए दिन निशाना बनाया जा रहा है।



डीजीपी को ज्ञापन सौंपता भाजपा का प्रतिनिधिमंडल • फोटोन न्यूज

## जमीन घोटाले के आरोपी तल्हा खान की जमानत याचिका पर सुनवाई

**RANCHI :** जमीन घोटाले के आरोपी तल्हा खान की जमानत याचिका पर गुरुवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने विस्तृत बहस सुनने के लिए 19 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। तल्हा खान की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। तल्हा खान पर सेना के कब्जे वाली जमीन सहित रांची के अलग-अलग इलाकों में विवादित भूमि की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है।

## जोहार खिलाड़ी WEB PORTAL पर रजिस्ट्रेशन को लेकर खेल विभाग रेस

### पंजीयन नहीं कराने वाले प्रशिक्षकों पर होगी कार्रवाई : खेल निदेशक

**PHOTON NEWS RANCHI :** जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर झारखंड खेल विभाग एक बार फिर रेस हुआ है। विभाग द्वारा जिलों में संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एकलव्य केंद्र) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों को जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर गुरुवार को खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा ने आवासीय खेल प्रशिक्षकों के साथ मोरहाबादी स्थित खेल निदेशालय में बैठक कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। कहा कि जल्द से जल्द सभी प्रशिक्षक अपने खिलाड़ियों के डाटा बेब पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराएं, ताकि विश्व के कहीं से भी राज्य के होनहार खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन, उपलब्ध कराए जा रही सुविधाओं समेत उनकी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सके। निदेशक ने पंजीयन नहीं कराने वाले प्रशिक्षकों को दंडात्मक कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। वहीं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एवं क्रीड़ा किसलय केंद्रों के साथ 24 अगस्त को बैठक बुलाई गई है। बैठक में उपनिदेशक साझा राज किशोर खाखा ने राज्य के आवासीय प्रशिक्षकों से पहली बार मुलाकात करते हुए अपने अनुभव साझा किये।



### राज्य में अब तक सिर्फ 413.4 मिमी वर्षा, चतरा में सुखाड़ जैसी स्थिति

## झारखंड में अब तक सामान्य से 38% कम हुई बारिश

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में इस मॉनसून सीजन में अभी तक सामान्य से 38 फीसदी कम बारिश हुई हैं। बारिश की कमी की वजह से कृषि कार्य सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य के 24 में से सिर्फ तीन जिलों साहिबगंज, गोड्डा और सिमडेगा में अभी तक सामान्य बारिश हुई है। जबकि बाकी के 21 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। इससे राज्य में खेती प्रभावित हुई है। वहीं चतरा में लगभग सुखाड़ वाली स्थिति है। मालूम हो कि इस साल राज्य में मॉनसून का प्रवेश भी देर से हुआ है। इस बीच कृषि निदेशालय की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सुखाड़ प्रभावित घोषित किया गया था। हालांकि इस साल पिछले वर्ष की तुलना में स्थिति थोड़ी ठीक है। मौसम विभाग की ओर से 17 अगस्त को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 1 जून से 17 अगस्त तक राज्य के 24 में से 21 जिलों में अभी तक वर्षा सामान्य से कम हुई है। चतरा में स्थिति बेहद खराब है। वहां सामान्य से 60 फीसदी कम वर्षा हुई है। अन्य 20 जिलों में भी बारिश की स्थिति अभी तक ठीक नही है। अब तक पूरे राज्य में 668.6 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी। लेकिन अबतक सिर्फ 413.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



बारिश की कमी से सूखा पड़ा खेत • फोटोन न्यूज

### 38 फीसदी खेत में ही धान की बुआई

बीएयू के प्रोफेसर डॉ रमेश कुमार ने बताया कि राज्य में 17 अगस्त तक 6.79 लाख हेक्टेयर क्षेत्र (38 प्रतिशत) में धान की बुआई हो सकी है। वहीं करीब 12.9 लाख हेक्टेयर खेत में अन्य खरीफ फसलों जैसे दलहन, मक्का, तिलहन और मोटे अनाज का आच्छादन हुआ है, जो लक्ष्य का सिर्फ 43 फीसदी है। डॉ रमेश कुमार ने बताया कि राज्य में इस साल कुल 28 लाख 27 हजार 460 हेक्टेयर में खरीफ फसल की खेती का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें अकेले 18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान फसल लगाने का लक्ष्य था। इस वर्ष पहले देर से मॉनसून आया। फिर शुरूआती दिनों में राज्य भर में सामान्य से काफी कम वर्षापात का नकारात्मक असर खेती-बाड़ी पर पड़ा है। राज्य में कम वर्षा की वजह से खरीफ फसलों का आच्छादन सिर्फ 43 फीसदी ही हो सका है।

## ग्रमीणों ने पेयजलापूर्ति संयंत्र का काम रोका, की तोड़फोड

**CRIME REPORTER RANCHI :** खलारी प्रखंड के पुरानी राय में निमार्णाधीन पेयजलापूर्ति संयंत्र का काम ग्रमीणों ने बुधवार को रोक दिया। साथ ही इस संयंत्र में तोड़फोड़ भी गई। बुधवार दोपहर बमने पंचायत मुखिया शिवनाथ मुंडा के नेतृत्व में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्माण किए जा रहे संयंत्र का काम रोक दिया गया। मुखिया शिवनाथ मुंडा ने कहा कि निमार्णाधीन स्थल पर बरसों से जितिया-जतरा रामनवमी सहित अन्य त्योहारों बनाये जाते हैं। इधर निमार्णाधीन स्थल का काम रोके जाने पर खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे पेयजलापूर्ति का काम राय पंचायत के प्लॉट नंबर 2154 में कराया जाना है, जबकि इसका निर्माण बमने पंचायत के प्लॉट नंबर तीन पर काम कराया जा रहा है जो गलत है। इधर इस निर्माण के विरोध स्वरूप बमने पंचायत के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अंचलाधिकारी को सौंपा।



## BRIEF NEWS

### मांडर में नशे में धुत पिता ने पुत्री के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**RANCHI :** अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पिता को मांडर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना बुधवार की रात लगभग 11 बजे की है। बताया जाता है कि 14 वर्षीय नाबालिग की मां अपने मायके गई हुई थी, इसी बीच रात में उसका पिता नशे में धुत होकर घर आया और बेटी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसकी बेटी रोती-बिलखती रही, परंतु उसकी हैवानियत पर कोई असर नहीं पड़ा, सुबह पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद मां गांव पहुंची और रोती बिलखती अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने तत्काल गांव पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### अनियंत्रित कार पत्थर से टकरायी, एयर बैग खुलने से बची जान

**RANCHI :** खलारी थाना क्षेत्र के चुरी बगलता के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पत्थर से टकराते हुए पलट गई। दुर्घटना में कार का एय रबैग खुलने से कार सवार लोगों की जान बच गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायल को तत्काल डकरा अस्पताल ले जाया गया। घायल व्यक्ति की पहचान अक्षय कुमार के रूप में हुई है जो सीसीएल एनके एरिया के एक्सावेशन विभाग का कर्मचारी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घायल सीसीएल कर्मचारी ड्यूटी पर जाने के लिए रांची से डकरा आ रहा था।

### शराब दुकान के लिए रांची समेत 8 जिलों में वरीय प्रभारी नियुक्त

**RANCHI :** शराब दुकान के सफल संचालन के लिए रांची समेत आठ जिलों में वरीय प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के द्वारा इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सहायक आयुक्त उत्पाद (मुख्यालय) रांची अखौरी धनंजय कुमार सिन्हा को गुमला, खूंटी,सिमडेगा,रामगढ़, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह जिला का वरीय प्रभारी नामित किया जाता है।

### ट्रैफिक और ग्रामीण एसपी के प्रभार में रहेंगे रांची के सिटी एसपी

**RANCHI :** राजधानी रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन को ट्रैफिक और ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां अस्वस्थता के कारण अवकाश पर हैं, योगदान की तिथि तक रांची के सिटी एसपी शुभाशु जैन को प्रभार दिया गया है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने इससे संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। बता दे ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा के पास ही ग्रामीण एसपी का भी प्रभार है।

### ओबीसी मंच का 20 को वार्षिक सम्मेलन

**RANCHI :** ओबीसी आरक्षण मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन आगामी 20 अगस्त को धुर्वा के पुराना विधान सभागार में आयोजित किया गया है। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने गुरुवार को बताया कि एकीकृत बिहार से 15 नवंबर 2000 को झारखंड नव निर्माण के बाद मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरक्षण में कटौती कर ओबीसी का 27 प्रतिशत से 14 एवं अनुसूचित जाति का 14 से घटाकर 10 फीसदी कर जनहित में अत्यंत ही अहितकारी निर्णय किया था।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

BRIEF NEWS

### खूंटी के चार खिलाड़ी नेशनल रग्बी कैम्प के लिए आमंत्रित



**KHUNTI:** ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 से 26 सितंबर तक आयोजित वाले अंडर 18 नेशनल रग्बी कैम्प में लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी के दो बालक और दो बालिकाओं कुल चार खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में डेविड मुंडा, अजीत नाग, डोमनिका ओड़ेया और नेहा बागे शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों पुणे में आयोजित अंडर 18 नेशनल रग्बी चौंपियनशिप में उनके प्रदर्शन को देखते हुए किया गया है। नेशनल रग्बी कैम्प में बालक तथा बालिका के हर वर्ग से 25-25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। दोनों वर्गों से अंतिम 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो 30 सितंबर से चाइनीज ताइपे में आयोजित अंडर 18 एशियन रग्बी चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खूंटी के डेविड मुंडा को पिछले साल भी अंडर 18 भारतीय टीम में शामिल किया गया था। सभी चयनित खिलाड़ियों को लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर विमल मिंज, लोयोला इंग्लिश मीडियम के प्रधानाध्यापक फादर बिपिन तिर्की, लोयोला हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर आइजक खलखो झारखंड रग्बी संघ के सचिव हेजाज असदक सहित कई शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

### हजारीबाग में दो दिवसीय मास्टर्स ट्रेनर प्रशिक्षण शुरू



**HAZARIBAG:** जिले के डायट सभागार में एसएमसी सशक्तिकरण के लिए दो दिवसीय मास्टर्स ट्रेनर का प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता समेत एसएमसी प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी संजय तिवारी, डायट के रंजीत वर्मा,बीआरपी सीआरपी महासंघ अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, सचिव ओमप्रकाश, प्रशिक्षक अभय कुमार, अजय नारायण दास, सुनील कुमार पांडेय ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। एसएमसी प्रशिक्षण प्रभाग प्रभारी संजय तिवारी ने बताया कि जिले के 1485 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को सशक्त करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गयी है, जिसमें जिले के लगभग 150 बीआरपी-सीआरपी ने भाग लिया। प्रशिक्षण में विद्यालय के स्थिति का आकलन करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, बाल अधिकार, विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका और जिम्मेदारी की जानकारी दी गयी।

### बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री नवंबर में आएंगे रांची



**RANCHI:** बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री नवंबर में रांची आएंगे। झारखंड के संन्यासी बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री का नवम्बर माह में रांची के प्रभात तारा मैदान में हनुमत कथा का आयोजन किया जाएगा। राजीव ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस कथा में अर्जी स्वीकार्य होने पर महाराज से लोग स्वयं समाधान ले सकेंगे। इस हनुमंत कथा के कार्यक्रम में जुड़ने और यजमान बनने के लिए सभी 9263854901/02/03/ 04/05 से सम्पर्क किया जा सकता है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सचिव भवानी कुमार, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर, शंकर तिवारी, सूरज कुमार, संदीप दुबे, दीवाकर कुमार, रोहित मिश्रा, धीरज कुमार, संदीप मिश्रा भैरव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# पलामू में तेज रफ्तार बाइक ट्रक में घुसी, दो नाबालिग लड़कों की मौत

## दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को घेरा, चालक को किया पुलिस के हवाले



**PHOTON NEWS PALAMU:** पांकी थाना क्षेत्र के मेदिनीनगर-पांकी मुख्य पथ पर सगालिम के पीरी मोड़ के पास गुरुवार को सड़क हादसे में दो नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। दोनों की पहचान नहीं हो पाई है।

बताया जाता है कि दोनों नाबालिग किशोरों के सिर में गंभीर चोट लगी है। बाइक चालक और सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। बाइक सवार पांकी से मेदिनीनगर की ओर जबकि ट्रक डालटनगंज की ओर से पांकी की ओर जा रहा था। अनियंत्रित होकर बाइक ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को घेर लिया। पांकी थाने को मामले की सूचना दी गई। लोगों ने चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना सुबह 9.30 के आसपास हुई। दोनों नाबालिग लड़कों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक का नंबर (जेएच 01ईसी 7733) जबकि ट्रक का नंबर (जेएच 01ए 0167) है। पुलिस बच्चों की पहचान कराने में जुटी है।

### पलामू में चोरी गई बाइक बरामद, एक गिरफ्तार



**PALAMU:** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र में चोरी गई बाइक (जेएच 03 एस 8178) को पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा से पुलिस ने बाइक बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित फरार बताया जाता है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि राहतनगर निवासी रजिउल्ला अंसारी की बाइक गत 15 अगस्त को महेन्द्रा आर्केड से गायब कर दी गई थी। इसके बाद उसने शहर थाना में लिखित आवेदन दिया।

# कर्रा में वज्रपात से किसान की मौत



**PHOTON NEWS KHUNTI:** कर्रा थाना क्षेत्र की कुदलुम पंचायत के चौनपुर गांव में गुरुवार को मवेशी चराने गये युवक की मौत आसमानी बिजली की चपेट में आने से हो गई। कर्रा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। जानकारी के अनुसार चौनपुर गांव निवासी साऊ मुंडा (45) अपने बैलों को चराने के लिए गांव के बगल में डहु टंगरा के पास ले गया था। लगभग साढ़े बारह बजे बारिश के साथ वज्रपात होने से साऊ मुंडा उसकी चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बगल के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल गांव जाकर इसकी सूचना स्वजनों और गांववाले को दी। कुदलुम पंचायत के मुखिया संदीप हेरेंज को घटना की जानकारी दी गई। मुखिया ने गांव जाकर मृतक के परिजनों से मुलकात की और सरकारी सहायता का भरोसा दिया।

# पलामू में बीडीओ पर एफआईआर के बाद जांच शुरू, डीडीसी ने की पूछताछ

**PHOTON NEWS PALAMU:** जिले के सतबरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकिशोर प्रसाद और धावाडीह गांव के बिहारी यादव में उत्पन्न विवाद के मद्देनजर गुरुवार को पलामू डीडीसी रवि आनंद तथा एसडीएम राजेश कुमार साह ने जांच-पड़ताल की।



जांच के क्रम में पुछताछ करने पहुचे डीडीसी • फोटोन न्यूज

बिहारी यादव ने बीडीओ पर 13 अगस्त को सर्वोदय उच्च विद्यालय के पास डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाया था जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए सतबरवा थाना में मामला दर्ज कराया था।

इस मामले में पलामू दौरे के दौरान मंत्री बादल पत्रलेख ने संज्ञान लेते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को सूचित किया था। उपायुक्त पलामू के निर्देश पर जांच करने पहुंचे उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी सतबरवा पर बिहारी यादव ने मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया था।

इस दौरान दोनों पक्ष से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बहुत सारी बातें सामने आई हैं, जो अभी तक प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट नहीं थी। जांच प्रतिवेदन तैयार करके उपायुक्त पलामू को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान बिहारी यादव की टूटी उंगली तथा कोहनी टूटे होने की मेडिकल रिपोर्ट भी देखी गयी। प्रखंड उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, युगल किशोर राम पूछताछ के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे।

### लोहरदगा में तिरंगा लगे स्कार्पियो में की जा रही थी पशु तस्करी, पुलिस ने पकड़ा



**LOHARDAGA:** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को एक स्कॉर्पियो वाहन में तिरंगा झंडा लगाकर चार प्रतिबंधित गोवंशीय पशु की तस्करी करते वाहन को पकड़ा है। हालांकि, वाहन चालक और पशु तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे हैं। बताया जाता है कि स्कार्पियो (जेएच 05एल 9988) में चार मवेशी को लोड कर लोहरदगा की ओर ले जाया जा रहा था। इस बाबत थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि स्कार्पियो चालक एवं पशु तस्कर पुलिस को देख दूर में गाड़ी खड़ा कर भाग निकले। गाड़ी के अंदर चार मवेशी को रखा गया था। स्कॉर्पियो वाहन का तीसरे ओनर है मोहम्मद कलाम खान। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# राजेंद्र साहू हत्याकांड के खिलाफ पलामू में तैलिक समाज का प्रदर्शन, डीसी-एसपी को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS PALAMU:** लातेहार जिले के बालूमाथ के व्यवसायी सह भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय तैलिक समाज ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। जेलहाता स्थित रमाडा होटल से समाज के लोग रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम डीसी-एसपी को अलग-अलग छह सूत्री ज्ञापन सौंपा गया।

तैलिक समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद साहू की गत 13 अगस्त को अपराधियों ने गोली मारकर कर दी।

इससे पूरे झारखंड के तैलिक साहू समाज भयभीत हैं तथा अपने व्यवसाय बंद कर पलायन करने का मन बना लिया है। समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने इस कांड की सीबीआई से जांच करने का आग्रह किया।




प्रदर्शन करते तैलिक समाज के लोग • फोटोन न्यूज

सौंपे गए ज्ञापन में हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराने, अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, मृतक के परिजनों को उचित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने, मृतक के पुत्र-पुत्री को सरकारी नौकरी देने, झारखंड के सभी चर्चित व्यवसायियों को सुरक्षा मुहैया कराने आदि शामिल हैं। प्रदर्शन में पलामू जिला अध्यक्ष लल्लन साहू, सचिव अजय साहू, राजदेव साहू, राजा गुप्ता, कन्हाई साहू, सुरेश साहू, बिहारी साहू, गंगा साहू, अवध किशोर साहू, सत्येंद्र साहू, विश्वनाथ साहू, बबन साहू, बच्चन साहू, मनोज साहू, दिनेश प्रसाद गुप्ता, रमेश साहू, अरविंद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, सुमन गुप्ता, रूपवती देवी सहित हजारों लोग शामिल थे।

# दुमका में आदिवासी युवक की पिटाई के विरोध में सड़क जाम

**PHOTON NEWS DUMKA:** आदिवासी युवक की पिटाई के विरोध में गुरुवार को प्राइवेट बस स्टैण्ड के सामने युवाओं की टोली ने लगभग चार घंटे तक रोड पर जाम लगा दिया। युवाओं को समझाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



प्राइवेट बस स्टैंड के सामने रोड जाम करती युवाओं की टोली • फोटोन न्यूज

मामला 15 अगस्त की शाम का है। आनंद जीजा के साथ बाइक से बाजार जा रहा था। बस स्टैंड के सामने ओम ट्रेवल्स की एक बस बीच सड़क पर खड़ी थी जबकि कुछ लड़के बस के आगे खड़े होकर चालक के साथ बहस कर रहे थे। कहा जा रहा है कि बहस करने वाले लड़के की बाइक में बस से ठोकर लग गयी थी। इस बीच आनंद ने बस चालक को बस किनारे लगाने को कहा। आरोप है कि बस से कुछ कर्मी उतरे और आनंद को बेरहमी से पीट दिया। आनंद के जीजा मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सामने नहीं आया। वे नगर थाना पहुंचे लेकिन वहां से भी उसे समय पर मदद नहीं मिला। युवाओं ने नगर थाना पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। युवाओं का आरोप है कि जब आनंद लिखित शिकायत देने थाना पहुंचा तो उसे दूसरे दिन आने को कहा गया। जब दूसरे दिन पहुंचा तो पिटाई करने वालों का नाम पता के साथ आने को कहा गया।

सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अरविंद कुमार दलबल के साथ बस स्टैंड पहुंचे। युवाओं को समझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अंत में लिखित शिकायत के आधार पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया गया। तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से परिचालन हो सका।

# धनबादः मस्जिद परिसर में तेज आवाज के साथ बना गोफ, लोगों में दहशत

**PHOTON NEWS DHANBAD:** जिले के सिजुआ क्षेत्र के जोगता में सोमवार को हुई गोप व भू-धंसान की घटना से अभी लोग उबर भी नहीं पाये थे कि गुरुवार तड़के 22/12 स्थित जामा मस्जिद परिसर में गोफ की घटना घटित हो गई। जिससे लोगों में दहशत है।



बुधवार रात इलाके में हुई जोरदार बारिश के बाद जब गांव के लोग घरों में सोये थे, गुरुवार तड़के जोरदार आवाज से सबकी नींद टूट गयी। लोग मस्जिद के समीप गये तो देखा कि मस्जिद की चारदीवारी के अंदर बड़ा सा गोफ हो गया है, जिसमें मस्जिद की सीढ़ी का आधा हिस्सा जमींदोज हो गया। सुबह होने पर लोगों ने इसकी जानकारी मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन को दी। स्थानीय लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन के प्रति रोष है। लोगों का आरोप है कि बीसीसीएल जानबूझकर पुनर्वास कार्यों में लापरवाही बरत रही है। इसके पीछे उनकी मंशा है कि बार-बार गोफ की घटना होती रहे ताकि 22/12 के लोग डर कर स्वयं पलायन कर जाएं। जिससे बीसीसीएल को पुनर्वास की जरूरत न पड़े। डेंजर जोन के रूप में चिन्हित 22 /12 तेतुलमुढी में गोफ और जमींदोज होने की घटनाएं नई बात नहीं है। इसके पूर्व यहां हुई अनेकों गोप की घटनाओं में छोटी मस्जिद के लोगों का आवास जमींदोज हो चुका है।

# हजारीबाग कमिश्नर 18 को ग्राम सभा लगाकर 17 एकड़ भूमि के गलत म्यूटेशन की करेंगे जांच

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ अंचल के कुंदरु खुर्द गांव में 17.18 एकड़ भूमि के गलत तरीके से म्यूटेशन का मुद्दा अब काफी गंभीर हो गया है। हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर हजारीबाग कमिश्नर अब इस मामले की जांच ग्राम सभा लगाकर करेंगे। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को बताया कि 18 अगस्त को कुंदरु खुर्द ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। गलत तरीके से म्यूटेशन का आदेश दिए जाने संबंधित तथाकथित आरोप की जांच के लिए आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल हजारीबाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कोई आपत्ति हो या कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो संबंधित 24 अगस्त तक आयुक्त कार्यालय उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित आपत्ति दे सकते हैं। साथ ही आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी मठों की सूची पता सहित उपलब्ध कराने एवं मामले की विस्तृत जांच के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय द्वारा पारित आदेश में अंकित पंकज कुमार, महेश महतो, जिलानी खान एवं नरेश कुमार के पिता का नाम व पता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।

# बोकारो में सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर पाइपलाइन स्टोर में की लाखों लूट

**PHOTON NEWS BOKARO:** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ी स्थित ओएनजीसी के अधीन काम करने वाली ओवल पाइपलाइन के स्टोर में बुधवार देर रात बदमाशों ने लाखों के सामान की लूट की घटना को अंजाम दिया। रात्रि पहर के दो सुरक्षा गाड्र्स राजेश कुमार और मुन्ना कुमार राय ने




बताया कि छह की संख्या में डकैत आये और स्टोर रूम में घुसकर उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे वे घायल हो गए। बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाकर कंपनी की ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, रेंच सहित करीब चार लाख रुपये के समान को एक पिकअप वैन में भरकर लूट ले गए। सुरक्षा गाड्र्स ने बताया कि सभी के हाथ में तमंचे थे। उनके मोबाइल को भी पटक कर तोड़ दिया गया। जब डकैत चले गए तब उन्होंने किसी तरह कंपनी के वरीय अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद दोनों घायलों को गोमिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। गोमिया थाना में इसकी सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच-पड़ताल कर रही है।

## पूनम अग्रवाल व आनंद अग्रवाल बने कपल ऑफ सावन

# चास रोटरी में हुआ सावन महोत्सव, श्वेता रस्तोगी बनी क्वीन

**PHOTON NEWS BOKARO :** रोटरी क्लब चास की ओर से गुरुवार 17 अगस्त को सावन महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में श्वेता रस्तोगी सावन क्वीन और कपल ऑफ सावन पूनम अग्रवाल व आनंद अग्रवाल बने। सभी का स्वागत करते हुए अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा शास्त्रों के अनुसार महिलाओं को प्रकृति का स्वरूप माना गया है। सावन भी प्रकृति के सौंदर्य का महीना होता है। इसलिए यह महीना महिलाओं के लिए बेहद खास है। हरी हरी चूड़ियां एवं हरे व लाल वस्त्रों में शिरकत कर रही डिंपल कौर, किरण कुमार, रंभा सिंह, डॉ परिंदा, पूनम अग्रवाल, पूजा बैद, प्रिया केजरीवाल, आरती



सावन महोत्सव में सजी-धजी महिलाएं • फोटोन न्यूज

पारख, सुमि कौर, श्वेता रस्तोगी, मनप्रीत, अर्चना सिंह, सलोनी, प्रियांशु प्रियांश,ऐपी, तानी, बानी, जयवीर, ईवीसी,जयवीर,आध्या ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिमा अग्रवाल ने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की संयोजक पूनम अग्रवाल व अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सावन का विवाहित स्त्रियों के लिए खास होता है। पूनम ने कहा सावन में चास रोटरी की महिलाएं मेहंदी लगा, नए वस्त्र पहन कर सुहाग की लंबी उम्र के की कामना कर रही हैं। चास रोटरी की सचिव डिंपल ने कहा कि विगत लंबे समय से चास रोटरी द्वारा सावन महोत्सव मनाया जा रहा है। डिंपल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए तीज त्योहार की बधाई दी। संचालन एवं एंकरिंग कर रही डॉ परिंदा ने कहा कि सावन में प्रकृति अपने यौवन पर होती है और महिलाएं भी सावन में श्रृंगार को काफी महत्व देती हैं। इस अवसर पर माधुरी सिंह, मनोज चौधरी, बिनय सिंह, विनोद चोपड़ा, कुमार अमरदीप, विपिन अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, आनंद अग्रवाल, डॉ श्रवण कुमार, मनोज सिंह, शिवानी तनेजा, सिद्धार्थ सिंह माना, मंजीत सिंह, कमल तनेजा, मुकेश अग्रवाल, सिद्धार्थ पारख, हरबंस सिंह, चनप्रीत सिंह, अमन मलिक, अमित केजरीवाल, धनेश बंका, उषा सिंह, ललिता चोपड़ा, रितु केजरीवाल सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन एवं शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# लोहरदगा में एलएडीसीएस की प्रथम मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**PHOTON NEWS LOHARDAGA:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली यानी एलएडीसीएस की प्रथम मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। पाल ने एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वह पूरी तन्मयता के साथ बचाव पक्ष के वकील के रूप में कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखें एवं किसी भी तरह समस्या होने पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार या उनसे संपर्क करें।



इस बाबत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि लोहरदगा सहित पूरे झारखंड राज्य में एलएडीसीएस काम कर रहा है। इसके माध्यम से वैसे अभियुक्त जो बहुत गरीब हैं एवं जो अपना निजी वकील रखने में असमर्थ हैं या वकील को फीस देने में असमर्थ हैं, एलएडीसीएस के माध्यम से कोर्ट में अपना केस की पैरवी करवा सकते हैं।

बैठक में एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू, उमेश कुमार एवं एलएडीसीएस की सहायक इंद्राणी कुजुर, भूपेंद्र कुमार एवं सुदामा साहू सहित न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद थे।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Friday, 18 August 2023

BRIEF NEWS

## लगातार हो रही बारिश की वजह से चांडिल डैम का एक रेडियल गेट खोला गया



**JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर में पिछले 3 दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। चांडिल डैम का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ता देख परियोजना प्रशासन ने डैम का दूसरा रेडियल गेट को खोल दिया है। गुरुवार सुबह चांडिल डैम का रेडियल गेट संख्या छह को 20 सेंटीमीटर खोला गाया। वर्तमान में चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर दर्ज किया गया है। बरसात के मौसम में अचानक जलस्तर बढ़ न जाए इसके लिए चांडिल डैम का जलस्तर कम किया जा रहा है। इसके पूर्व रविवार को डैम का जलस्तर 180.65 मीटर दर्ज किए जाने के बाद गेट संख्या 11 को 30 सेंटीमीटर तक खोल दिया गया था। फिलहाल चांडिल डैम का दो रेडियाल गेट खुला है। परियोजना प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुरक्षा के लिए ऐहतियात के तौर पर एक रेडियल गेट को खोला गया है, ताकि बारिश के बीच अचानक जलस्तर बढ़ने पर डूब क्षेत्र के किसी भी गांव में पानी ना घुसे। बारिश के मौसम में चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रतिवर्ष डुब क्षेत्र के विस्थापित गांव जलमग्न हो जाते हैं। इससे विस्थापितों को काफी नुकसान होता है और इस दौरान उन्हें विकट स्थिति का सामना भी करना पड़ता है। बारिश होते ही विस्थापितों की दिल की धड़कन बढ़ जाती है। तेज बारिश होने पर डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, जिसके कारण डैम के किनारे पर बसे डूब क्षेत्र के गांवों में डैम का पानी घुस जाता है।

## स्केटिंग प्रतियोगिता में शहर के तीन छात्रों का रिकार्ड प्रदर्शन




**JAMSHEDPUR:** कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में शहर के तीन विद्यार्थियों ने गिनिश बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर शहर का नाम रोशन किया। इमोन मिर्धा जो हिल टॉप स्कूल में क्लास 7 का छात्र है इनके पिता टाटा मोटर्स के कर्मचारी है और आरुष राज विनीत कुँवर जो हिल टॉप स्कूल में क्लास 6 का विद्यार्थी है इनके पिता राजीव नंदन कुमार जो टाटा मोटर्स के कर्मचारी हैं और टेल्को कॉलोनी में रहते हैं। वहीं शौर्य शांडिल्य जो डीएवी पब्लिक स्कूल बिस्टुपुर में क्लास 6 के विद्यार्थी हैं। ये तीनो विद्यार्थी स्केटिंग में गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है। शौर्य और दोनों के नाम यह रिकॉर्ड स्केटिंग मैराथन के दौरान 100 मीटर की दूरी 11.21 सेकंड में पूरा करने पर प्राप्त हुआ। शौर्य 5 वर्ष की उम्र से ही जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में स्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहा था। इनके कोच चंदेश्वर साहू और ज्योति साहू थे।

## एलएलबी छठे सेमेस्टर की परीक्षा अब 20 सितंबर से, छात्रों की मांग पर तिथि बदली गयी

**JAMSHEDPUR:** आखिरकार कोल्हान विश्वविद्यालय कोआपरेटिव लॉ कॉलेज के छात्रों के आगे झुकते हुए एलएलबी छठवें सेमेस्टर के परीक्षा की तिथि को बदल दिया है। पहले जो कार्यक्रम जारी किया गया था उसके तहत परीक्षा 24 अगस्त से शुरू होकर 16 सितंबर तक संचालित होनी थी। लेकिन विवि ने अब जो नया कार्यक्रम जारी किया है। उसके तहत परीक्षा 20 सितंबर से शुरू होकर 26 सितंबर तक संचालित होगा। जारी कार्यक्रम के तहत परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक संचालित होगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाइमिंग दोपहर 1.30 बजे है। विदित हो कि जब से विवि ने 24 अगस्त से परीक्षा शुरू करने की तिथि घोषित की थी तब से छात्र इसका विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि बिना सिलेबस पूरा किए विवि परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसके बाद ही तिथि में बदलाव किया गया है।

# समतानगर में जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त रोजाना लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

## लगातार तीन वर्षों से पानी बहने के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मानगो जवाहर नगर रोड नंबर 15 के समता नगर में प्रवेश पथ के समीप लगभग तीन वर्षों से पेयजल पेयजल की पाइप क्षतिग्रस्त है, इससे लाखों लीटर पानी प्रतिदिन सड़क पर बहता है। स्थानीय लोगों ने गुरुवार को भाजपा नेता विकास सिंह को समस्या से अवगत कराया और कहा कि विगत तीन वर्षों में उनलोगों ने कई बार क्षतिग्रस्त पाइप को लेकर पत्राचार किया और मौखिक रूप से वाटर फिल्टर प्लांट में शिकायत भी की। लेकिन हर बार स्थानीय लोगों की बातों को अनसुना कर दिया गया। सड़क पर लगातार तीन वर्षों से पानी बहने के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जलमग्न व क्षतिग्रस्त सड़क पर लोगों को आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल पाइप के क्षतिग्रस्त होने से ऊपरी मोहल्लों में पानी की सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित हुई है। बन्ना गुप्ता इलाके में झांकने भी नहीं आए आक्रोशित लोगों का कहना है कि विधायक बनने के बाद बन्ना गुप्ता इलाके में झांकने तक नहीं आए। पेयजल पाइप के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत बन्ना गुप्ता के कार्यालय में भी की गयी। शिकायत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता इलाके में आए और फोटो खिंचवा कर चलते बने, लेकिन पेयजल की क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत को लेकर अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

लोगों से भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर अगर पेयजल स्वच्छता विभाग ने क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत नहीं करवाई तो बस्तीवासियों के साथ मिल कर पैसा इकट्ठा करेंगे और अपने स्तर से पाइप को दुरुस्त करवाएंगे। मौके पर विकास सिंह, संदीप शर्मा ,जगन यादव, महेश प्रसाद, अश्वनी सिंह, राजेश शर्मा, मोनू भगत, राकेश सिंह, महेंद्र साहू और धर्मेंद्र पांडे उपस्थित थे।



सड़क पर बहता पानी और एकत्रित लोग ● फोटोन न्यूज

## राउरकेला इस्पात संयंत्र के शिल्पकार हुए सम्मानित




संमानित करते अतनु भौमिक ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा इस्पात स्टेडियम में 18 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को 'इस्पात बिंधानी सम्मान' से सम्मानित किया गया। आरएसपी के प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में निरंजन चौधरी, जामी कृष्णमूर्ति पृष्टि, हरे कृष्ण परीडा, श्रीमंत कुमार लाहिड़ी, नित्यानंद धर, प्राण गोबिंदा रॉय, दुखीश्याम महांति, भूतनाथ मुखर्जी, वी लोकनाथ राजू, अभिमन्यु दास, सुरेश चंद्र त्रिपाठी, बिबेकानंद दास, श्रीधर प्रसाद राउत, सूर्यमणि पाठक, राम कृष्ण राजगुरु, हरेंद्र प्रसाद मिश्र, कपिलेश्वर महाराणा, प्रताप चन्द्र मिश्र शामिल थे। इस दौरान प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक ने कहा कि राष्ट्र अपना स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, यह उन दिग्गजों की अदम्य भावना को सलाम करने का भी दिन है जिन्होंने राउरकेला इस्पात संयंत्र को गढ़ा है। संयंत्र की प्रारंभिक अवस्था के गवाह और अपनी लम्बी यात्रा के साथ, इन पूर्व कर्मचारियों का इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक साथ खड़ा होना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उनके प्रयासों और उपलब्धियों की विरासत सदा चमकती रहेगी क्योंकि उनकी प्रारंभिक देन से राउरकेला इस्पात संयंत्र हमेशा भविष्य में आगे बढ़ता रहेगा और भारत की वृद्धि और प्रगति में योगदान देता रहेगा।

## स्वस्थ रहना है तो तनाव मुक्त रहें महिलाएं : स्वाति सोरेन



को-ऑपरेटिव कॉलेज में कर्यशाला में उपस्थीत छात्र एंव अन्य ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** को-ऑपरेटिव कॉलेज में गुरुवार को 'महिला स्वास्थ्य, तनाव एवं योग व्यायाम' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरायकेला से आमंत्रित योग शिक्षिका वीणा वर्णवाल ने विषय-वस्तु पर विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने स्वागत भाषण किया। विषय प्रवेश डॉ प्रियंका कुमारी ने कराया। ललिता शर्मा ने योगाभ्यास कराया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व प्रशिक्षक वीणा वर्णवाल ने व्यायाम के माध्यम से इसके लाभ, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आदि पर विस्तृत चर्चा की। कॉलेज के जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ स्वाति सोरेन ने महिला स्वास्थ्य तथा वरीय शिक्षिका नीता सिन्हा ने महिला स्वास्थ्य एवं तनाव पर चर्चा की। साथ ही दोनों शिक्षिकाओं ने स्वस्थ, स्वच्छ व तनाव मुक्त रहने से संबंधित टिप्स दिया। कार्यशाला का संचालन डॉ प्रियंका कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ शालिनी शर्मा ने किया।

## राजगांगपुर रेल ओवर ब्रिज के लिए लोगों से सीधे जमीन की होगी खरीद

**SUNDARGARH:** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण किए बिना सीधे लोगों से जमीन खरीदने का फैसला किया है। 11 एवं 12 मार्च को सचिव वीके. पांडियन ने सुंदरगढ़ जिले का दौरा किया और विभिन्न विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की और लोगों की शिकायतें भी सुनीं। दौरे के दौरान राजगांगपुर में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के मुद्दे से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री से चर्चा के सचिव वीके.पांडियन ने रेलवे ओवर ब्रिज के लिए आवश्यक जमीन राज्य सरकार लोगो से सीधे खरीद कर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्णय लिया। सुंदरगढ़ जिले के सोनाखान और कांसबहाल स्टेशनों के बीच राजगांगपुर मौजा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा।

## राउरकेला : इस्पात जनरल अस्पताल में रोगी सेवा पुरस्कार का विजेता बना प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड



पुरुसकार प्राप्त करती प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड की टीम ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात सयंत्र के इस्पात जनरल अस्पताल में सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए रोगी सेवा पुरस्कार की शुरूआत की गई है। विभिन्न इकाइयों के कर्मचारियों के बीच प्रतिस्पर्धी मानसिकता पैदा करके अस्पताल में रोगी पुरस्कार में 10 हजार रुपए उपहार राशि और प्रशंसा प्रमाण पत्र शामिल था। इस वर्ष की पहली तिमाही के रोगी देखभाल पुरस्कार का विजेता प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड था। राउरकेला इस्पात संयंत्र और बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने सिविक सेंटर में स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान समारोह में पुरस्कार प्रदान किया। वहीं पुरुष सर्जरी वार्ड प्रतियोगिता के उप विजेता रहे। आरएसपी के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों सहित सभी अधिकारी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र हैं। यह योजना एक समूह मान्यता योजना है। सेवा में समग्र सुधार लाने के लिए रोगी सेवा पुरस्कार शुरू किया है।


## राउरकेला : बस्ती इलाके में शराब दुकानों का हुआ विरोध



**PHOTON NEWS ROURKELA:** शनि मंदिर और बस्ती के पास शराब की दुकान खुलने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। स्वप्नापुरी बस्ती की महिलाओं सहित शनि मंदिर समिति के कार्यकताओं ने शराब की दुकानों को करने का विरोध किया है। राउरकेला ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन गुरूवार को सौपा। ज्ञापन में बताया गया है कि वहां शराब की दुकान न खोली जाएं। राउरकेला टाउन यूनिट नंबर 42 के रूपुतोला मौजा अंतर्गत प्लॉट 10/845 में शराब की दुकान खुलने से पास के शनि मंदिर का माहौल खराब हो जाएगा। बस्तियाँ नजदीक होने के कारण महिलाओं और बच्चों के नशे में हिंसा का शिकार होने की संभावना रहेगी । इस दौरान महिलाओं ने कहा कि शराब की दुकानों को शनि मंदिर और स्लम एरिया से दूर पीछे की ओर शिफ्ट किया जाए। शनि मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश मोहंती के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं इस दौरान मौजूद रही।

## राजगांगपुर: बैंक सुरक्षा गार्ड की गोली से तीन घायल, घायलों का इलाज जारी, पुलिस जांच शुरू

**PHOTON NEWS SUNDARGARH:** सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर में गुरुवार को 3 लोग घायल हो गए। इन तीनों लोग बैंक सुरक्षाकर्मियों बंदूक से अचानक गोली चलने से घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस ने सुरक्षा गार्ड को हिरासत में ले लिया है और जांच कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार बैंक वैन राजगांगपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक से पैसा लेने आई थी। पैसे लेते समय सुरक्षा गार्ड की बंदूक से अचानक गोली चल गई । इस हादसे में बैंक के बरामदे में मौजूद 3 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को राउरकेला ले जाया जा रहा है। पुलिस अभी भी घटना की जांच कर रही है।

### 21 केंद्रों पर 26 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे, दो पालियों में होगी परीक्षा

## केयू: आज से शुरू होगी यूजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** कोल्हान विश्वविद्यालय करीब एक साल बाद स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। जबकि यह परीक्षा 6 महीने में हो चानी चाहिए थी। जारी कार्यक्रम के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा की 18 अगस्त से शुरू होगी ओर 25 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इसकी पहली पाली जहां सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाईमिंग सुबह 8.30 बजे निर्धारित है। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाईमिंग दोपहर 1.30 बजे होगी। विदित हो कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक चार वर्षिय कोर्स में हुए दाखिले का यह पहली परीक्षा है। विवि इस परीक्षा को दो पालियों में इस लिए आयोजित करा रहा है कि ताकि परीक्षा को जल्द से जल्द समाप्त कर दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा में जुटा जा सके। क्योंकि सत्र को समय पर लाना है। जो अभी छह महीने की देरी से चल रहा है। विवि से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए कुल 21 केंद्र बनाए गए हैं। वहीं सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा शांतिपूर्वक व कदाचार मुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही विवि ने टीम का भी गठन किया है जो परीक्षा के दौरान केंद्रों का निरीक्षण करेगी इस दौरान अगर कोई छात्र कदाचार करते पकड़ा जाता है तो उसे परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा।



**इन केंद्रों पर होगी परीक्षा:**

टाटा कॉलेज चाईबासा, महिला कॉलेज चाईबासा, जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर, केएस कॉलेज सरायकेला, मॉडल महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, नोवामुंडी कॉलेज, सिंहभूम कॉलेज चांडिल, करीम सिटी कॉलेज, ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर, पटमदा डिग्री कॉलेज, एलबीएसएम कॉलेज, कोऑपरेटिव कॉलेज, वर्कर्स कॉलेज, जेकेएस कॉलेज मानगो, घाटशिला कॉलेज, बीडीएसएल महिला कॉलेज, बहरागोड़ा कॉलेज, डिग्री कॉलेज मनोहरपुर, संत अगस्टीन कॉलेज मनोहरपुर व एजेके कॉलेज चाकुलिया।

**पीजी थर्ड सेमेस्टर के प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित:**

वहीं विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर थर्ड सेमेस्टर के प्रोयोगिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। विवि की ओर जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि कॉलेज 26 अगस्त से 5 सितंबर तक प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराकर अंक 8 सितंबर तक विवि को उपलब्ध कराएं। साथ ही चेतावनी दी गयी है कि निर्धारित तिथि के बाद उपलब्ध कराए गए मार्कशीट को विवि स्वीकार्य नहीं करेगा।

**29 से होगी एमसीए की परीक्षा:**

एमसीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा से संबंधित कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। इसके तहत यह परीक्षा 29 अगस्त से शुरू होकर 11 सितंबर तक संचालित होगी। विवि की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगी। इस परीक्षा के लिए जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।

## राउरकेला: ब्राह्मणी नदी में युवक डूबा, शव की तलाश जारी



शव की तलाश करते गोताखोर ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला के वेदव्यास घाट पर ब्राह्मणी नदी में डूबे युवक की लाश अभी तक नहीं मिल सका है। गुरूवार को अग्निशमन और बचाव दल ने नदीं में शव की तलाश जारी रखे हुए है। रेलवे कॉलोनी के पिंटू बासुरी बुधवार को ब्राह्मणी नदी में डूबकर लापता हो गये। वे बिसरा रोड इलाके के एक व्यक्ति के शव का दाह संस्कार करने वेदव्यास आए थे। दाह संस्कार के बाद वह अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए नदी पर गया। तैरते समय उनमें से दो लोग धारा में बह गए। पिंटू लापता हो गया जबकि स्थानीय लोगों ने एक युवक को बचा लिया था।

## स्मृति शेषः बिन्देश्वर पाठक

कुछ लोग समाज में ऐसी अमिट छाप छोड़ जाते हैं, जिन्हें संसार कभी नहीं भूलता। उनकी यादों को विरासत की तरह संजोकर रखा जाता है। कुछ ऐसा ही कार्य करके गए हैं भारत में टॉयलेट मैन की पहचान रखने वाले बिंदेश्वर पाठक। सामाजिक क्षेत्र में उन्होंने जो करके दिखाया, उस पर लोग बातचीत करने से भी कतराते हैं। बावजूद इसके उन्होंने देशभर में सार्वजनिक शौचालय की स्थापना, उन्हें साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया। उस संकल्प को पूरा करके भी दिखाया। अपने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए बिंदेश्वर पाठक ने जब शुरूआत की तो लोगों ने खिल्ली उड़ाई। जिनमें गैरों के साथ उनके अपने भी थे। एक मर्तबा उनके ससुर ने भी बोल दिया था कि अपनी बेटी का ब्याह उन्होंने गलत आदमी से कर दिया। ससुर ने बिंदेश्वर पाठक से कहा, आपको शर्म नहीं आती, पंडित होकर भी टॉयलेट साफ करते फिरते हो। लेकिन बिंदेश्वर पाठक ठान बैठे थे कि उन्हें ऐसा कुछ करना है, जिससे सबकी सोच बदले। कमोबेश, कुछ ही वर्षों में हुआ भी वैसा ही। जो लोग हंसी उड़ाते थे, बाद में उनकी प्रशंसा करने लगे। बिंदेश्वर पाठक हिंदुस्तान में सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता थे। देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर उन्होंने सुलभ शौचालयों का निर्माण करवाया। विशेषकर, बस अड्डे, बाजारों, मॉल्स, पुलिस थानों आदि जगहों पर उन्होंने टॉयलेट स्थापित कर लोगों को सुविधाएं प्रदान की। हाईवे पर बने सुलभ शौचालय भी उनके मिशन का हिस्सा हैं। बिंदेश्वर पाठक का टॉयलेट मिशन कुछ ही सालों में देखते ही देखते जन आंदोलन में तब्दील हो गया। उनके जैसे इंसानों की आज बहुत कमी है। इसलिए उनके न रहने की खबर पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा। पंद्रह अगस्त को जब समूचा देश आजादी के पर्व में मग्न था, बिंदेश्वर पाठक अपने अंतिम सफर पर निकलने की शायद तैयारी कर रहे थे। तड़के दिल्ली स्थिति अपने कार्यालय पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस का जैसे ही ध्वजारोहण किया, उसके तुरंत बाद जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। ऐसा उनके साथ एकाध दफा पहले भी हुआ, तब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए और ठीक हो गए। लेकिन शायद 15 अगस्त 2023 का दिन ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुलाने के लिए तय किया हुआ था। इस बार वो ऐसे गिरे कि उठ ना पाए। पाठक समाज के सच्चे प्रहरी थे, वह हमेशा औरों के लिए जीते थे। काम करने की उनकी उर्जा दूसरों को प्रेरणा देती थी। कोई काम छोटा नहीं होता, बस करने के लिए मन बड़ा होना चाहिए, इस युक्ति के साथ वो हमेशा आगे बढ़ते गए। बिंदेश्वर पाठक को उनके योगदान के लिए कई बपुरस्कारों और सम्मान से नवाजा गया। केंद्र सरकार ने उनको पद्म भूषण पुरस्कार दिया। इसके अलावा एनर्जी ग्लोब अवार्ड, बेस्ट प्रैक्टिस के लिए दुबई इंटरनेशनल अवार्ड, स्टॉकहोम वाटर प्राइज, पेरिस में फ्रांसीसी सीनेट से लीजेंड ऑफ प्लैनेट अवार्ड जैसे कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी उन्हें मिले। पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर द मेकिंग ऑफ ए लीजेंड पुस्तक भी लिखी थी जिसकी प्रधानमंत्री ने खुद सराहना की थी।

## चिंता का हिमालय

पहाड़ों पर लगातार मंडराती आपदा बहुत दुखद और चिंताजनक है। लगातार बारिश, बादल फटने, भूस्खलन और सड़क अवरुद्ध होने के चलते हिमाचल प्रदेश में अब तक 60 और उत्तराखंड में 50 से ज्यादा लोगों की जान गई है, जबकि घायल नागरिकों और वाहनों को मलबे से निकालने का अभियान जगह-जगह जारी है। इतना ही नहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले कुछ दिनों में भी भारी बारिश की आशंका जताई है। पहाड़ों पर कुछ ज्यादा बारिश हो रही है, जिससे दिल्ली में यमुना का जलस्तर इस साल दूसरी बार मंगलवार को खतरे के निशान को पार कर गया। पहाड़ों पर अनेक बांध लबालब हो गए हैं, जिससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। लोगों को सुरक्षा बलों की मदद से निकालना पड़ रहा है। जगह-जगह लोग फंसे हुए हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं। चूंकि इतनी बड़ी आपदा की आशंका नहीं थी, इसलिए सभी जरूरतमंदों तक पहुंचने के लिए सरकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हिमाचल में एक अनुमान लगाया गया है कि राज्य को करीब 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है और बुनियादी ढांचे को फिर से विकसित करने में लगभग एक साल का समय लग जाएगा। भारी बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और बुधवार को स्कूल, कॉलेज बंद रखने के आदेश देने पड़े हैं। वाकई, स्कूल जैसे संस्थान खोलने में ज्यादा तेजी नहीं करनी चाहिए, जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। जिन इमारतों के ढहने की आशंका है, उन्हें युद्ध स्तर पर खाली करवाने की जरूरत है। शिमला के समर हिल और कृष्णा नगर जैसे हादसों को भूलना मुश्किल है। ऐसे हादसों को लेकर केवल हिमाचल व उत्तराखंड में ही नहीं, पंजाब सरकार भी सचेत है। बड़े बांधों के निचले इलाकों में उचित ही रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। भाखड़ा बांध के अलावा पोंग बांध से भी पानी छोड़ना पड़ रहा है। इन बांधों का भरना जहां एक ओर खुशी की बात है, वहीं इनके निचले इलाकों में लोगों की नींद हराम हो रही है। लोग चाहते हैं, बारिश कुछ थम जाए, ताकि बाढ़ का खतरा और न बढ़े। इसमें कोई शक नहीं है कि जिम्मेदार महकमे बांधों की मजबूती पर पूरी निगाह रख रहे होंगे। किसी भी तरह के हादसे की आशंका से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# लाडली लक्ष्मी से लेकर लाडली बहना तक स्त्री मुस्कराई

ANALYSIS



प्रमोद भार्गव

**स्त्रियों की संख्या 1000 के पार हो रही हैं तो इसका अर्थ है कि भारत आर्थिक प्रगति के साथ-साथ लिंगानुपात में भी विकसित देशों के समूह के बराबर आ रहा है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मध्य-प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाडली लक्ष्मी योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं रही हैं, जो शैक्षिक व वित्तीय समावेशन, लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से लड़ने में सार्थक रही हैं। इन योजनाओं की सफलता के बाद, इन्हें केंद्र सरकार द्वारा देशभर में लागू किया गया, इसी का परिणाम है कि आज घर-आंगन और देश-प्रदेश में लड़की उन्मुक्त भाव से खिलखिला रही हैं। भविष्य में लाडली बहना योजना भी नारी सशक्तिकरण के सार्थक परिणाम देने वाली है। मध्य-प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में पुत्र जन्म की मनौती के लिए एक लोकोक्ति प्रचलन में है-ह्यलाली तू जा, लाला को ले आ ह्य मसलन बेटी के जन्म पर प्रार्थना की जाती है कि बेटी तू तो जा अर्थात मौत को गले लगा ले और पुत्र के रूप में पुनर्जन्म ले।**




मध्य प्रदेश से शुरू हुई लाडली लक्ष्मी योजना का कमाल अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। लिंगानुपात के परिप्रेक्ष्य में स्त्री का जो अनुपात घट रहा था, उसमें जनसांख्यिकीय बदलाव देखने में आया है। पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक गिनने में आई है। साथ ही लिंगानुपात 1020 के मुकाबले 1000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के निष्कर्षों से मिली है। स्त्रियों की संख्या 1000 के पार हो रही हैं तो इसका अर्थ है कि भारत आर्थिक प्रगति के साथ-साथ लिंगानुपात में भी विकसित देशों के समूह के बराबर आ रहा है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मध्य-प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाडली लक्ष्मी योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं रही हैं, जो शैक्षिक व वित्तीय समावेशन, लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से लड़ने में सार्थक रही हैं। इन योजनाओं की सफलता के बाद, इन्हें केंद्र सरकार द्वारा देशभर में लागू किया गया, इसी का परिणाम है कि आज घर-आंगन और देश-प्रदेश में लड़की उन्मुक्त भाव से खिलखिला रही हैं। भविष्य में लाडली बहना योजना भी नारी सशक्तिकरण के सार्थक परिणाम देने वाली है। मध्य-प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में पुत्र जन्म की मनौती के लिए एक लोकोक्ति प्रचलन में है-लाली तू जा, लाला को ले आ। मसलन बेटी के जन्म पर प्रार्थना की जाती है कि बेटी तू तो जा अर्थात मौत को गले लगा ले और पुत्र के रूप में पुनर्जन्म ले। इस बीज मंत्र का जाप करते हुए नवजात बेटी की जीवन-लीला खत्म कर देने के उपाय रच दिए जाते थे, लेकिन अब इस पूरे अंचल में लड़कियां मुस्कुरा रही हैं। मध्य-प्रदेश शासन की ह्यलाडली लक्ष्मी योजनाह्य के अस्तित्व में आने के बाद बेटी को आर्थिक सुरक्षा का जो आधार मिला है, उससे कुरीति का रूप ले चुकी मान्यता आमूलचूल बदलाव की स्थिति में है। इन योजनाओं के अमल में आने से भ्रूण हत्या पर अंकुश लगा है। जबकि प्रदेश के 15 जिलों में वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक लिंगानुपात बदतर हालत में था। प्रति एक हजार बालकों की तुलना में बालिकाओं की संख्या मुरैना में 822, भिण्ड में 829, ग्वालियर में 848, दतिया में 857, शिवपुरी में 858, छतरपुर में 869, विदिशा में 875, सागर में 884, गुना में 885, टीकमगढ़ में 886, भोपाल में 895, होशांगाबाद में 896, पन्ना में 901, जबलपुर में 908 और श्योपुर में 909 है। मध्य-प्रदेश में वर्ष 1901 में यह अनुपात 990 था, जो वर्ष 1951 तक आते-आते 967 रह गया था। मसलन प्रति एक हजार पुरुषों पर 33 महिलाएं कम थीं, किंतु वर्ष 2001 की जनगणना में यह घट कर 929 रह गया। अब सब जगह यह अनुपात बढ़ कर 930-31 के आसपास हैं। यह वृद्धि अप्रत्याशित कही जा सकती है। पंजाब जिसे तुलनात्मक नजरिए से आर्थिक रूप से समृद्ध और शिक्षित होने के कारण देश का आदर्श राज्य माना जाता है, वहां लिंगानुपात बेहद चिंताजनक था, यहां के फतेहगढ़ साहब जिले में एक हजार बालकों पर मात्र 754 बालिकाएं रह गई थीं। यह देश का ऐसा जिला था, जहां सबसे ज्यादा लिंगानुपात गड़बड़ाया हुआ था, किंतु अब यह अनुपात 900 के करीब पहुंच गया है। देश के दस जिले ऐसे हैं, जहां लिंगानुपात जबरदस्त चिंताजनक स्थिति में है, उनमें सात पंजाब में स्थित हैं। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा और गुजरात हैं। भ्रूण लिंग के विरुद्ध प्री नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक (पीएनडीटी) 1994 कानून क्रियाशील होने के बावजूद भ्रूण लिंग परीक्षण पर अंकुश नहीं लग पाया था। बल्कि विडंबना यह रही कि आज तक इस कानून के तहत एक भी चिकित्सक के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। कोख में ही स्त्री भ्रूण को नष्ट करने में ग्रामीण अशिक्षित वर्ग की तुलना में शहरी उच्च शिक्षित वर्ग बड़ी संख्या में संलग्न है। अब तो भ्रूण लिंग परीक्षण के सिलसिले में अल्ट्रा सोनोग्राफी से भी आगे की तकनीक विकसित हो गई है। इस तकनीक का धंधा तो अजन्मी बेटियों की कीमत पर ही फल-फूल रहा है। अमेरिकी मूल की यह कंपनी अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से मात्र पांच हफ्ते के गर्भस्थ भ्रूण के लिंग की पहचान करने का विज्ञापन बेवसाइट पर बेखौफ कर रही है। इस कुप्रथा का संबंध शैक्षिक जागरूकता से भी नहीं है। क्योंकि शिक्षा से सामाजिक संपर्क और संपन्नता तो बढ़ी परंतु समता के मूल्य कायम नहीं हो पाए। इसके बाद अवतरित हुए नए उपभोक्तावादी समाज में बेटों की चाहत और बढ़ गई। पंजाब जैसे आधुनिक राज्य में यह चाहत तब और बढ़ गई, जब वहां गैर प्रवासी भारतीय (एनआरआई) पत्नियां भी पतियों द्वारा ठुकरा दी गईं। बताते हैं कि पूरे देश में एक लाख एनआरआई पत्नियां ऐसी हैं, जिनके पति उन्हें और नवजात शिशुओं को छोड़कर लापता हो गए। इनमें से आधी पंजाब की है। पंजाब में ऐसे हालात के चलते भी कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ावा मिला हुआ था। बालिकाओं की संख्या कम होना किसी भी विकासशील समाज के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से तभी निपटा जा सकता है, जब स्त्री की आर्थिक हैसियत तय हो और समाज में समानता की स्थितियां निर्मित हों ? इस नजरिए से मध्य प्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना एक कारगर औजार साबित हुई और इसीलिए इसे देश के मॉडल के रूप में मान्यता मिली। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब ने ही नहीं पूरे देश ने इस योजना का अनुकरण किया और बेटी बचाने के लिए जुट गए। क्योंकि बेटी बचेगी, तभी बेटे बचेंगे और सृष्टि की निरंतरता बनी रहेगी। जैविक तंत्र से जुड़े इस सिद्धांत को हमारे ऋषि-मुनियों ने भलि-भांति आज से हजारों साल पहले समझ लिया था, इसीलिए भगवान शिव-पार्वती के रूप में अर्धनारीश्वर के प्रतीक स्वरूप मंदिरों में मूर्तियां गढ़ी गईं, जिससे पुरुष संदेष लेता रहे कि नारी से ही पुरुष का अस्तित्व अक्षुण है। हमने शिव-पार्वती की पूजा तो की, लेकिन उनके एकरूप में अंतर्निहित अर्धनारीश्वर के प्रतीक को आत्मसात नहीं किया। लाडली लक्ष्मी योजना के बाद नारी सशक्तीकरण का पुख्ता उपाय लाडली बहना योजना है। सवा करोड़ लाडली बहनों के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए डालने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसमें दो किस्तें देने के बाद दो मापदंड बदले गए हैं। अब 21 से 23 साल की उन बेटियों को भी इस योजना में भागीदार कर लिया है, जो विवाहित हैं। साथ ही जिन परिवारों के पास ट्रैक्टर हैं, उन घरों की महिलाएं भी लाडली बहना योजना के लिए पात्र कर दी हैं।

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण जैसी कुरीतियां देश को खोखला कर रही हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ना ही होगा। देखा जाए तो देश की सारी समस्याओं की जड़ भ्रष्टाचार है। अच्छी बात है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए मोदी सरकार हर उस व्यक्ति और संस्था के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जो भ्रष्टाचार के दीमक से देश को खोखला करने में जुटे हैं। मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए न सिर्फ भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कस रही है, बल्कि अन्य रिश्वतखोर अधिकारियों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई कर रही है। सरकार ने लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में रोड़ा बने ऐसे कई भ्रष्ट अफसरों को जबरन रिटायरमेंट देकर नौकरी से बेदखल तो किया ही है, साथ की कई भ्रष्ट आइएएस और आइपीएस अफसरों तक को जेल में पहुंचाया है। कांग्रेस की अगुआई वाली पिछली यूपीए सरकार में कई घोटाले हुए। उनमें से एक कोयला ब्लाक आवंटन घोटाला भी था। मोदी सरकार के कार्यकाल में कार्रवाई की स्वतंत्रता मिली तो सीबीआइ ने कोयला घोटाले की पड़ताल की और दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत तीन अधिकारियों को तीन साल की सजा सुनाई। अदालत ने जिन दो अन्य अधिकारियों को सजा सुनाई, उनमें कोयला मंत्रालय के तत्कालीन संयुक्त सचिव केएस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक केसी सामरिया शामिल हैं। अदालत ने अन्य दोषी व्यक्तियों विकास मेटल्स एंड पावर लिमिटेड (वीएमपीएल) के एमडी विकास पाटनी और इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आनंद मलिक को चार साल की जेल की सजा सुनाई। सीबीआइ ने यूपीए-एक और यूपीए-दो के शासनकाल में कोयला ब्लाक आवंटन के 40 मामलों में अनियमितता के सिलसिले में आरोपपत्र दायर किया था। यह तो सिर्फ एक बानगी है। पिछले नौ साल में प्रशासनिक तंत्र के भ्रष्ट तत्वों के खिलाफ कार्रवाई इसलिए अंजाम तक पहुंच पा रही है, क्योंकि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से जांच एजेंसियों को ऐसे अधिकारियों के खिलाफ ग्रीन सिग्नल मिला हुआ है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के एक कार्यक्रम में कहा था कि ह्यभ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे सभी संगठन और एजेंसियों को रक्षात्मक होने की कोई जरूरत नहीं है। अगर देश की भलाई के लिए काम करते हैं तो अपराधबोध में जीने की आवश्यकता नहीं। देश के सामान्य जन के समक्ष जो मुसीबतें आ रही हैं, उन्हें उनसे मुक्ति दिलाना ही हमारा काम है। मोदी सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ नया आनलाइन सिस्टम भी लागू कर चुकी है। इससे भ्रष्ट नौकरशाहों के खिलाफ कार्रवाई में ज्यादा तेजी आई है। पीएम मोदी ने एक बार साफ शब्दों में कहा था कि ह्लजो भ्रष्टाचार उन्मूलन के हमारे प्रयासों में बाधा बनते हैं, वे अपना बैग पैक कर लें, क्योंकि देश को ऐसे अफसरों की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।ह्व प्रधानमंत्री का यह सोच जांच एजेंसियों के लिए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में उत्प्रेरक का काम कर रहा है। यही वजह है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भ्रष्टाचारियों को कहीं भी बख्श नहीं रही हैं। यूपीए सरकार के समय सीबीआइ के हाथ किस कदर बांध दिए गए थे, इसका अंदाजा सर्वोच्च अदालत द्वारा की गई इस टिप्पणी से लगता है कि ह्यसीबीआइ तो पिंजरे में बंद ऐसा तोता बन गई है, जो अपने मालिक की बोली बोलता है। दूसरी ओर मोदी सरकार में इससे ठीक उलट स्थिति है। मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल के दौरान ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें सीबीआइ और ईडी की टीमों ने भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पहले कार्यकाल की बात करें तो फरवरी 2017 में छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी बीएल अग्रवाल को सीबीआइ ने अनुचित लाभ लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। पिछले साल अगस्त में ईडी की टीम ने कोयला तस्करी मामले में बंगाल के आठ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिल्ली तलब किया। इस साल मई में अवैध कोयला खनन के मामले में सीबीआइ ने सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर रैंक के एक अधिकारी और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के एक पूर्व निदेशक (तकनीकी) को गिरफ्तार किया। ईडी की टीम ने पिछले माह ही छत्तीसगढ़ की आइएएस अधिकारी रानू साहू को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार होने वाली रानू साहू राज्य की दूसरी आइएएस अधिकारी हैं। पीएम मोदी के विजन पर चलते हुए केंद्र सरकार ह्यभ्रष्टाचार मुक्त भारतह्ल की मुहिम के तहत नेताओं, नौकरशाहों और दलालों की भ्रष्ट तिकड़ी को जेल पहुंचाने में निरंतर जुटी है। पूर्व सरकारों के दौरान बने और मजबूत हुए भ्रष्टाचारियों के इकोसिस्टम अब धराशायी हो रहे हैं। विडंबना यही है कि भ्रष्ट नेता और उनका इकोसिस्टम हमेशा यह दुष्प्रचार करने में लगे रहते हैं कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए ईडी और सीबीआइ का इस्तेमाल कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि इन एजेंसियों के निशाने पर सिर्फ भ्रष्टाचार करने वाले हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों का मकसद भ्रष्टाचार के उस दीमक को खत्म करना है, जिसका उल्लेख पीएम मोदी ने लाल किले से अपने संबोधन में किया है। भ्रष्टाचार लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में बड़ा रोड़ा तो है ही, यह गरीब से उनके हक भी छीनता है। लोकतंत्र को फलने-फूलने से रोकता है। इससे प्रतिभा तो खत्म होती ही है, भाई-भतीजावाद और परिवारवाद को भी बढ़ावा मिलता है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



डॉ. वी.एस. अरुणाचलम का निधन वैज्ञानिक समुदाय और रणनीतिक दुनिया में एक बड़ा खालीपन छोड़ गया है। उनके ज्ञान, अनुसंधान के प्रति जुनून और भारत की सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में समृद्ध योगदान के लिए उनकी बहुत प्रशंसा की गई। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं। शांति।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



पूर्व डीआरडीओ प्रमुख और विश्व स्तर पर प्रशंसित वैज्ञानिक डॉ. वीएस अरुणाचलम के निधन से दुखी हूं। वह अपने पीछे उपलब्धियों की एक श्रृंखला छोड़ गए हैं जिन्होंने भारत की रक्षा शक्ति में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उनके शोक संतप्त परिवार और अनुयायियों के प्रति मेरी संवेदनाएं। शांति।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



नगर निगम की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए आज मध्य प्रदेश के इंदौर प्रस्थान किया। यहां का नगर निगम गत कई वर्षों से नागरिक सुविधाएँ प्रदान करने में देश में एक नम्बर पर है। पता करूंगा कि जमशेदपुर एक उन्नत शहर है, यहां की नगरपालिका/औद्योगिक शहर स्तरीय जनसुविधाएं कैसे दे सकते है?

**(विधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# लालकिला से प्रधानमंत्री के मन की बात

लालकिला की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था। यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग ह्यपरिवार जनोंह्ल से शुरूआत कर इतना संकेत दे दिया कि वे न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा बोलेंगे, जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टैलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे, जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छाशक्ति से संभव हो पाया है। गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यावरण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सिनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी। भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिए गए नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



हालिया गतिविधियों से ऐसा लग रहा है कि राज्य में पर्यटन के विकास के लिए गंभीरता दिखाई जा रही है। जोन्हा, हुंडरू व दशम जल प्रपात पर रोपवे निर्माण की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। वहीं कौलेश्वरी मंदिर के समीप भी रोपवे के निर्माण की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से इस तरह के विकासात्मक कार्य से पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा। वहीं पर्यटन की संभावना से भरे झारखंड में नेतरहाट और पतरातू को टूरिज्म का आइकान बनाने की तैयारी चल रही है। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मकसद यह है कि देश-विदेश तक यहां के पर्यटन स्थलों की खासियत से लोगों को अवगत कराया जा सके। पहाड़ों की रानी नाम से विख्यात नेतरहाट मूलतः नेतरहाट आवासीय को विद्यालय को लेकर चर्चित है। पहाड़ी श्रृंखला, सनसेट और सनराइज व्यू प्वाइंट, ऊंचे-ऊंचे चीड़ के पेड़, जंगल, हरियाली और फाल्स इसके खूबसूरती में चार-चांद लगाते हैं। वहीं नौ तल्ला पतरातू घाटी की खूबसूरती के कारण यहां फिल्म सिटी ही विकसित करने की योजना पर काम शुरू हुआ था। उसके बाद भी यहां कई काम हुए हैं। पतरातू लेक भी लोगों को खींचने पर मजबूर करता है। इसे लेकर पर्यटन विभाग की ओर से एक-एक महीने के फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। नेतरहाट मानसून फेस्टिवल का आयोजन 15 सितंबर से एक माह के लिए और पतरातू लेक फेस्टिवल एक नवंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा। ब्लाग व ब्लागर आज के समय में महत्व रखते हैं। इस तरह की और भी संभावनाओं को तलाशकर काम किए जाने की जरूरत है। पर्यटन विकास के साथ राज्य का विकास होगा और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

**चंदन बैठा, कांग्रेसी नेता, कांके विधानसभा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# बुमराह की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम का आयरलैंड से पहला टी20 मुकाबला आज

**डबलिन (एजेंसी)।** युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम शुक्रवार को जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 क्रिकेट मैच में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच को जीतकर तीन मैचों की सीरीज में जीत से शुरुआत करना रहेगा। इस मैच में सभी की नजरें बुमराह पर रहेंगी। बुमराह करीब एक साल के बाद इस मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। इस सीरीज से उनकी फिटनेस के साथ ही लय का भी पता चलेगा।

भारतीय टीम प्रबंधन इस दौरे से बुमराह के प्रदर्शन का आंकलन करेगा ओर देखेगा कि वह विश्वकप के लिए फिट है या नहीं क्योंकि वह एकदिवसीय विश्वकप के लिए भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज माने जा रहे हैं। वह पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान चोटिल होने के बाद बाहर हो गये थे। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई थी। इस दौरे में पांच दिन के भीतर तीन मैचों में उन्हें अधिकतम 12 ओवर डालने हैं और देखना है कि वे इतने ओवर आराम से फेंक पाते हैं या नहीं।

इस सीरीज से पता चलेगा कि मैच फिटनेस के मामले में बुमराह कहां है। पचास ओवरों का प्रारूप हालांकि टी20 से काफी अलग है जिसमें उन्हें दो, तीन या चार ओवर के स्पैल में दस ओवर फेंकने होंगे। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बुमराह का आयरलैंड पहुंचने पर गेंदबाजी अभ्यास का भी एक वीडियो डाला है जिसमें वह शॉर्ट गेंद और यॉर्कर फेंक रहे हैं। मैच हालात हालांकि बिल्कुल अलग होंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें लेकर अब ओर जोखिम नहीं लेना चाहता है। इस साल की शुरूआत में एक घरेलू सीरीज के लिए उन्हें शामिल किया गया था पर बाद में उनका नाम वापिस लेना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी थी। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज से बुमराह को मैच अभ्यास भी मिलेगा और एशिया कप की तैयारी भी बेहतर होगी। इस दौरे में भारतीय टीम में युवा बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा को भी जगह मिली है। इन तीनों ने ही आईपीएल में आक्रामक बल्लेबाजी की थी। अब इनसे आयरलैंड में भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। ये तीनो ही इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित करना चाहेंगे जिससे की टीम इंडिया के लिए इनकी दावेदारी पक्की हो सके।

बल्लेबाज शिवम दुबे और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचना चाहेंगे।

कृष्णा भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि शिवम इस सीरीज से टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

भारतीय टीम ने इससे पहले भी आयरलैंड दौरे में जीत हासिल की थी और उसका लक्ष्य ये सिलसिला बनाये रखना



रहेगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी को देखते हुए भारतीय टीम का पलड़ा भारी नजर आता है।

वहीं दूसरी ओर मेजबान आयरिश टीम के कप्तान एंड्रयू बालबर्नी से भारतीय गेंदबाजों को सावधान रहना होगा। इसके अलावा टीम के पास हैरी टेक्टर, लोरकान टकर और स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेला था और उसे भारतीय खिलाड़ियों के खेलने के अंदाज की जानकारी है। भारत के खिलाफ हालांकि मेजबान टीम को एक भी मैच में जीत का अवसर नहीं मिला है पर हाल में टीम को प्रदर्शन बेहतर हुआ है। विश्वकप क्वालीफाइंग में भी उसने कई शानदार मुकाबले जीते थे।

# विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय एयर पिस्टल टीम ने जीता कांस्य पदक



**बाकू (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष दस मीटर एयर पिस्टल टीम ने आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में बृहस्पतिवार को कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम के सदस्यों शिवा नरवाल, सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने 1734 अंक बनाये। जर्मनी की टीम उनसे नौ अंक आगे रहकर रजत पदक जीतने में कामयाब रही।

वहीं चीन को स्वर्ण पदक मिला। नरवाल ने 579, सरबजोत ने 578 और चीमा ने 577 अंक हासिल किये। यह टूर्नामेंट 2024 पेरिस ओलंपिक का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

चीन की टीम ने 1749 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत वर्ग में भारत का कोई निशानेबाज आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह नहीं बना सका।

# 2 दिसंबर से प्रो कबड्डी लीग के दसवें सीजन का आगाज, 12 शहरों में खेले जाएंगे मुकाबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग का दसवां सीजन 2 दिसंबर 2023 को शुरू होगा। प्रो कबड्डी लीग अपने पुराने प्रारूप में लौट आई है और लीग के मैच 12 शहरों में खेले जाएंगे।

पीकेएल के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने ऐलान किया है कि पीकेएल टूर्नामेंट के दसवें सीजन के लिए '12 शहर कारवां' फॉर्मेट में लौट आएगा। हर फ्रेंचाइजी के फैंस इस साल के आखिर में अपने फेवरेट सितारों को अपने शहर में देख सकते हैं।

पीकेएल सीजन 10 की तारीखों की घोषणा करते हुए अनुपम गोस्वामी, प्रमुख स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग ने कहा कि, हमने देखा है कि कबड्डी पूरे भारत में एक ऐसे खेल के रूप में अपने पैर जमा चुका है जिसे लोग सफलता के साथ देखना पसंद करते हैं। अब अपने ऐतिहासिक दसवें सीजन के साथ हम इस खेल को आगे बढ़ाने और एक ऐसा मंच बने रहने के लिए उत्साहित हैं। जिसने दुनिया भर में कबड्डी के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिभाओं को उभरते देखा है। बिना किसी संदेह के ये एक विरासत बनाई गई है। हम इस अविश्वनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए एथलीटों और फैंस के प्रति समान रूप से आभारी हैं। हम दसवें सीजन को यादगार बनाने के लिए वादा करते हैं। गौरतलब है कि, प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की नीलामी 8-9 सितंबर 2023 को मुंबई में होगी। लीग आगामी सप्ताहों में इस अहम सीजन के लिए और ज्यादा विवरण साझा करेगी। मशाल स्पोर्ट्स और डिज्नी स्टार ने, एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान और मंजूरी के तहत पीकेएल को भारत में सबसे सफल खेल लीगों में से एक बना दिया है।

# दो घंटे तक जय शाह-राहुल द्रविड़ की मीटिंग, एशिया कप और वर्ल्ड कप को लेकर हुई चर्चा

**मुम्बई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान मियामी में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ से मुलाकात की थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों के बीच मीटिंग करीब दो घंटे तक चली। इस मीटिंग में एशिया कप 2023 और वर्ल्ड कप 2023 को लेकर अहम चर्चा हुई।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, ये बैठक पांच मैचों की सीरीज के आखिरी दो टी20 मुकाबले से पहले हुई थी। इस सीरीज में भारत ने 2-3 से हार झेली थी। चौथा और पांचवां टी20 फ्लोरिडा में खेले गए थे।

वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, शाह निजी यात्रा के लिए अमेरिका में थे और उन्होंने आगामी प्रमुख




टूर्नामेंटों की योजना के संबंध में द्रविड़ के साथ मीटिंग की थी। बता दें कि, इन दिनों भारतीय टीम की खूब आलोचना हुई थी। क्योंकि, भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

साथ ही कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की भूमिका पर भी कई सवाल उठाए गए। ऐसे में सुझाव आए हैं कि भारत को टी20 के लिए अलग कोचिंग स्टाफ नियुक्त करना चाहिए। द्विपक्षीय सीरीज में भारत एक प्रमुख शक्ति बना हुआ है। लेकिन प्रमुख आईसीसी ट्रॉफी जीतने में अभी तक नाकामयाब रहा है।

अब जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी। जिसमें सबसे ज्यादा नजरें लंबे समय बाद मैदान पर वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह पर होंगी। साथ ही इस टीम में कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

## शास्त्री ने एशिया ओर विश्वकप में बांए हाथ के दो-तीन बल्लेबाजों को शामिल करने कहा

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रहे रवि शास्त्री ने कहा है कि एशिया कप ओर विश्व कप के लिए मध्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए तिलक वर्मा या यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों को अवसर दिया जा सकता है। शास्त्री ने कहा कि बल्लेबाजी में विविधता लाने और विरोधी टीम पर दबाव बनाने के लिए शीर्ष 7 बल्लेबाजी स्थानों में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों को शामिल करने की जरुरत है। शास्त्री ने कहा कि ईशान किशन को विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में जगह दी जानी चाहिये। ईशान ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा तिलक या यशस्वी में से किसी एक को मध्यक्रम में जगह दी जा सकती है। इन दोनो ने ही अब तक अपनी को साबित किया है। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि शीर्ष चार के अलावा, तीन अन्य जगह हैं जहां दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को रहना चाहिये। अब यह वह जगह है जहां चयनकर्ताओं को अपनी भूमिका निभानी होगी। वे जानते हैं कि कौन सा लड़का बेहतर हो सकता है।

# विश्व कप के लिए इंग्लैंड की संभावित टीम में स्टोक्स शामिल, ब्रूक और आर्चर को नहीं मिली जगह

लंदन ।भारत में पांच अक्टूबर से होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए इंग्लैंड की टीम में ऑलराउडर बेन स्टोक्स की वापसी हुई है पर हैरी ब्रूक और जोफ्रा आर्चर जैसे अहम खिलाड़ियों के नाम नहीं है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने विश्वकप के लिए 15 खिलाड़ियों की संभावित टीम की घोषणा की है। इसमें संन्यास के बाद वापसी करने वाले स्टोक्स को शामिल किया गया है। वह विश्वकप से पहले सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलेंगे। चयन समिति के एक सदस्य ल्यूक राइट ने कहा है कि न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ जिन 15 खिलाड़ियों को जगह दी गयी है, वही विश्व कप में भी जाएंगे हालांकि इन खिलाड़ियों में युवा बल्लेबाज ब्रूक के शामिल नहीं होने पर सभी हैरान हैं। इसके अलावा रहस्यमयी गेंदबाज आर्चर को भी केवल रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर ही रखा गया है।

राइट ने कहा कि यह वह टीम है जो विश्वकप खेलेगी। यह उन खिलाड़ियों के लिए निराश की बात है जिन्हें इसमें जगह नहीं मिली है। इस प्रकार के अच्छे खिलाड़ियों को भी जगह नहीं मिलना दिखाता है कि इंग्लिश क्रिकेट में कितनी गहरायी है। कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो टीम में जगह की दावेदारी पेश कर रहे हैं पर केवल 15 खिलाड़ियों को ही शामिल किया जा सकता है। स्टोक्स की वापसी इसलिए हुई है क्योंकि वह एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। ।

गौरतलब है कि आईसीसी ने सभी टीमों से 5 सितंबर तक सभी संभावित टीम घोषित करने कहा है। इस टीम में 28 सितंबर तक बदलाव किया जा सकता है। इंग्लैंड की टीम विश्व कप में अपना पहला मुकाबला 5 अक्टूबर से न्यूजीलैंड से खेलेगी। इससे पहले उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से भी होगा।

# करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंचे शुभमन



दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने लंबी छलांग लगायी है। शुभमन 43 स्थानों की छलांग लगाते अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 25वीं रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में शुभमन ने एक अर्धशतक लगाया था। आईसीसी ने यह रैंकिंग वेस्टइंडीज और भारत के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद जारी की है। टी20 प्रारुप में इससे पहले शुभमन की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 30वां स्थान थी। ये उन्होंने फरवरी में हासिल की थी। तब उन्होंने अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 126 रन बनाये थे।

वहीं शुभमन के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल भी 88वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यशस्वी ने भी इस दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज बैंडन किंग को भी उनकी धमाकेदार पारी का लाभ मिला है। किंग ने नाबाद 85 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इस पारी के साथ ही वह पांच पायदान ऊपर आकर अब 13वें स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि काइल मेयर्स दो पायदान के लाभ के साथ ही 45वें और शिमरॉन हेटमायर 16 पायदान की छलांग लगाकर 85वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

# जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन से खेलेगा भारत

**डसेलडोर्फ (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन के खिलाफ मुकाबले से विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। भारत का सामना 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी से होगा। इसके दो दिन बाद टीम इंग्लैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमों का सामना 22 अगस्त को फाइनल में होगा।

भारतीय जूनियर टीम ने जून में ओमान में जूनियर एशिया कप जीतकर दिसंबर में कुआलालम्पुर में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 2.1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीता था। अभ्यास शिविर में चोटिल हुए उत्तम सिंह की जगह विष्णुकांत सिंह भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा




जारी विज्ञप्ति में कहा, '' हमारे पास मजबूत और अनुभवी खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों की लय हम कायम रखेंगे।'

उन्होंने कहा, 'हमें आत्मविश्वास हासिल करने के लिये जीत के साथ आगाज करना होगा। यह टूर्नामेंट विश्व कप से पहले यूरोप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलकर अनुभव हासिल करने के लिये अहम है।' भारत को पिछली बार 2019 में मैड्रिड में अंडर 21 टूर्नामेंट में स्पेन ने 3.1 से हराया था। स्पेन और भारत 2016 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन भारत ने जीते। जर्मनी और भारत ने 2013 के बाद से चार मैच खेले जिनमें से भारत ने तीन मैच जीते हैं। भुवनेश्वर में जूनियर विश्व कप 2021 में जर्मनी ने भारत ने 4.2 से हराया था। लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप में इंग्लैंड को 5.3 से हराने के बाद से उसके खिलाफ भारत का यह पहला मुकाबला है। भारत के मुख्य कोच सी आर कुमार ने कहा, 'स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड मजबूत टीमें हैं। हमारा फोकस अपनी रणनीति पर अमल करके अपनी ताकत पर खेलने पर होगा।'

# फ्रेंचाइजी स्तर पर खेलने से अलग है अंतराष्ट्रीय क्रिकेट : गावस्कर

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि एक खिलाड़ी फ्रेंचाइजी स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकता है पर जरुरी नहीं कि वह अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी उसी प्रकार का प्रदर्शन कर पाये। गावस्कर के अनुसार देश का प्रतिनिधित्व करते समय एक अलग प्रकार का दबाव होता है। उन्होंने ये बात



वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कही। इस पूर्व बल्लेबाज ने आगे कहा कि हमने ऐसा कई बार देखा है कि घरेलू स्तर के खिलाड़ी बड़े स्तर पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाते हैं। हां ये अलग है कि ये खिलाड़ी जब लीग स्तर पर खेलते हैं तो अच्छे लगते हैं पर अंतरराष्ट्रीय स्तर लेवल पर बड़े खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते ही उन्हें समझ में आ जाता है कि जो बातें घरेलू स्तर पर आसान नजर आती थीं वह बड़े स्तर पर उतनी आसान नहीं है। उन्होंने कहा, यही वजह है कि कई सारे खिलाड़ी जो छोटे स्तर पर अच्छे तो नजर आते हैं पर बड़े स्तर पर नाकाम रहते हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट तकनीक के मामले में बहुत नीचे है। कैरेबियन टीम के खिलाफ मिली हार से भारतीय टीम को ज्यादा निराशा नहीं होना चाहिये क्योंकि विपक्षी टीम ने सीमित ओवरों के प्रारुप में दो बार खिताब जीता है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआत में पिछड़ने के बाद वापसी की थी पर वह निर्णायक मुकाबले में हार गयी। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तान कर रहे हार्दिक पंड्या ने भी निराश किया।

# तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होना ही जरुरी नहीं : कपिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि भारतीय टीम के पास ऑलराउंडरों की कोई कमी नहीं है। कपिल ने कहा कि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होना ही जरुरी नहीं है। स्पिन ऑलराउंडर भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। रविन्द्र जडेजा और आर अश्विन ने ये साबित किया है। हमें स्वीकार करना होगा कि हम अधिक प्रभावशाली ऑलराउंडर नहीं तलाश पा रहे हैं पर हमारे पास कई सकारात्मक पक्ष भी हैं। उन्हीं बातों पर टीम प्रबंधन को ध्यान देना चाहिये। कपिल ने इसके साथ ही तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें टेस्ट मैच भी खेलने चाहिये पर उन्हें ऐसा होता नहीं दिख रहा। वह लाल गेंद क्रिकेट में टीम इंडिया के लिए लाभप्रद साबित हो सकते हैं। साथ ही कहा कि उन्हें और अधिक क्रिकेट खेलना चाहिए क्योंकि उसके पास बहुत क्षमता है। अगर वह फिट है, तो उसे टेस्ट क्रिकेट भी खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की तुलना करना सही है। पिछले 20-30 वर्षों में, हमने कई तेज गेंदबाज तैयार किए हैं, जिन पर हम निर्भर रह सकते हैं। और यही अधिक अहम है। आपको सिर्फ तेज गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर खिलाड़ियों की ही जरूरत नहीं है। आपको स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडरों की भी आवश्यकता है। आपके पास भारतीय टीम में कुछ अच्छे ऑलराउंडर हैं। जडेजा शानदार हैं, अश्विन बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। तो ऐसा नहीं है कि हमारे पास कोई भी ऑलराउंडर नहीं है। कपिल ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप में टीम इंडिया की संभावनाओं को लेकर कहा कि उसे पहले शीर्ष चार टीमों में आने की जरूरत है। उसके बाद ही कुछ भी संभव है। सेमीफ़ाइनल चरण के बाद से भाग्य का साथ होना भी जरुरी है तभी जीत मिलती है पर सबसे जरुरी है सेमीफाइनल तक का सफर।

# सरकार तय करे कि बृजभूषण का करीबी डब्ल्यूएफआई चुनाव में न उतरे : बजरंग

नई दिल्ली । पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा है भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को इस बार ये सुनिश्चित करना होगा कि पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और उनका कोई भी करीबी चुनाव में न उतर पाये। बजरंग के अनुसार अगर बृजभूषण का कोई करीबी डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद पर आता है तो महिला पहलवानों को डर के साये में ही जीना पड़ेगा। ऐसे में कोई भी महिला पहलवान अपने ऊपर हो रही ज्यादतियों की शिकायत नहीं कर पायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को डब्ल्यूएफआई में बदलाव करने के अपने आश्वासन को पूरा करना होगा तभी महिला पहलवान सुरक्षित हो पायेंगी। गौरतलब है कि बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ सहित कई अन्य आरोप लगाये थे जिसकी अभी जांच चल रही है। वहीं इस मामले में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से वादा किया था कि उन्हें पूरा न्याय मिलेगा। इस मामले में बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट के अलावा अन्य शीर्ष पहलवानों ने धरना प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद खेलमंत्रालय ने कहा था कि बृजभूषण का कोई



करीबी चुनाव नहीं लड़ पायेगा। पुनिया ने कहा, बृजभूषण के करीबी संजय कुमार सिंह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। अगर कहीं संजय कुमार जीतते हैं तो इससे बृजभूषण का राज फिर कायम हो जाएगा। वहीं सरकार ने हमसे वादा किया था कि बृजभूषण और उनके परिवार के करीबी लोग चुनाव नहीं लड़ेंगे पर ऐसा होता नहीं दिख रहा है। अगर सरकार महिला पहलवानों की सुरक्षा चाहती है तो उसे ये देखना चाहिये कि संजय जैसे लोग चुनाव में न उतरें। संजय उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष हैं। बजरंग ने आगे कहा कि जिस पल ये साफ हो जाएगा कि कुश्ती महासंघ से बृजभूषण का दबदबा समाप्त हो जाएगा अन्य महिला पहलवान भी शिकायत लेकर आगे आ जाएंगी। इसलिए सरकार देखे कि कोई योग्य उम्मीदवार ही अध्यक्ष बने। कुश्ती महासंघ अध्यक्ष के लिए पहली बार एक पूर्व महिला पहलवान अनीता श्योराण भी मैदान में हैं।

# वीजा रद्द करने के बाद इंटरव्यू के लिए बुलाया, जेना के विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने की उम्मीद जगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली - भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना का एक महीने का वीजा हंगरी के दूतावास द्वारा रद्द किए जाने के एक दिन बाद इस भारतीय खिलाड़ी को शुक्रवार को दोबारा वीजा साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है जिससे इस 27 वर्षीय खिलाड़ी के बुडापेस्ट में आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने की उम्मीद जगी है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए कहा, 'सभी को धन्यवाद। भाला फेंक के खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को हंगरी दूतावास से वीजा साक्षात्कार के लिए कल सुबह नौ बजे का समय मिला है।' ओडिशा के इस खिलाड़ी का वीजा हंगरी दूतावास ने बुधवार के रद्द कर दिया था जिससे उनके 19 से 27 अगस्त तक होने वाली प्रतिष्ठित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पर सवालिया निशान लग गया था।

जेना का वीजा रद्द होने के बाद साथी भाला फेंक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को वीजा मुद्दे को सुलझाने के लिए विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की जिससे कि यह खिलाड़ी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा पेश कर सके। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर नीरज ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से 'समाधान खोजने' का आग्रह किया।

नीरज ने विदेश मंत्रालय और जयशंकर को टैग करते हुए पोस्ट किया, 'अभी सुना है कि किशोर जेना के वीजा के साथ कुछ समस्याएं हैं जो उन्हें विश्व चैंपियनशिप के लिए हंगरी में प्रवेश करने से रोक रही हैं। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी कोई समाधान ढूंढने में सक्षम होंगे क्योंकि यह उसके करियर के सबसे बड़े लम्हों में से एक है। आइए वह सब कुछ करें जो हम कर सकते हैं।'

जेना ने विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाई है। उन्होंने 30 जुलाई को श्रीलंकाई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 84.38 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता था। तीस जुलाई को क्वालिफिकेशन अवधि पूरी होने के बाद विश्व एथलेटिक्स द्वारा अपडेट की गई 'रोड टू बुडापेस्ट' सूची में 36वें स्थान पर रहने के बाद जेना ने इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था।

यह 27 वर्षीय खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले चार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों में से एक



है। डीपी मनु और रोहित यादव ने भी क्वालीफाई किया था। रोहित हालांकि बाद में कोहनी की सर्जरी के कारण बाहर हो गए। जून में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले जेना और मनु 28 सदस्यीय टीम में शामिल दो खिलाड़ी हैं जो अब तक बुडापेस्ट नहीं पहुंचे हैं।



# मैं हमेशा प्यार में रहती हूं निहारिका रायजादा

अभिनेत्री निहारिका रायजादा ने खूबसूरत और हॉट जंगल फोटोशूट से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया, जिससे वह ब्लॉक की सबसे desired अभिनेत्रियों में से एक बन गईं, लेकिन उनकी डेटिंग प्राथमिकताएं और प्रेम की परिभाषा आपके दिल को छू जाएगी। लक्ज़मबर्ग में जन्मी और पली-बढ़े, एक योग्य हृदय रोग विशेषज्ञ, स्वाभाविक सुंदरता और नृत्य और गायन के प्रति एक स्वस्थ जुनून, निहारिका को भारत ले आए और कुछ ही समय में उन्होंने मसान, टोटल धमाल, सूर्यवंशी और आईबी 71 जैसी फिल्मों से अपने प्रशंसकों को लुभाया। अपने हालिया साक्षात्कार के दौरान, निहारिका ने अपनी लव लाइफ, डेटिंग सीन, डेटिंग प्राथमिकताएं और बहुत कुछ के बारे में बात की। प्यार के बारे में बात करते हुए निहारिका ने कहा, 'निहारिका रायजादा हमेशा प्यार में रहती हैं, मैं भी लगातार प्यार में हूं, मैंने पहले भी कहा है, ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब मैं प्यार में नहीं होती। अगर मैं किसी रिश्ते में नहीं हूं, तो मैं दिन के अंत तक यह सुनिश्चित कर लेती हूं कि किसी तरह मैं रिश्ते में हूं, मुझे लगता है कि हर किसी व्यक्ति को रिश्ता रखना चाहिए क्योंकि एक बार जब आप रिश्ते में होते हैं, तो आप हमेशा खुश रहते हैं, आप हमेशा अच्छा महसूस करते हैं और मैं उस तरह की व्यक्ति हूं जो हर समय खुश रहने की कोशिश करती है।' 'एक रिश्ता ज़रूरी है, और प्यार रोज़ होना चाहिए, हो सकता है कि यह लंबे समय तक न रहे, लेकिन आपको हमेशा फिर से प्यार ढूंढना होगा।' प्यार आपकी दिनचर्या में होना चाहिए, जिस तरह आप उठते हैं, अपने दांत ब्रश करते हैं, खाते हैं, उसी तरह आपको दैनिक आधार पर प्यार करना चाहिए卐 रायजादा ने कहा। जब निहारिका से उनकी डेटिंग प्राथमिकताओं के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे लंबे लोग पसंद हैं, और वह धूम्रपान न करने वाला, शराब न पीने वाला और वो डोह द्य१द्गह्न होना चाहिए। मुझे बिल्ली प्रेमी विशेष रूप से भरोसेमंद नहीं लगते। मैं जानती हूं कि यह निर्णयात्मक लग सकता है, मेरे कुछ बिल्ली-प्रेमी मित्र हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं कभी किसी के साथ डेट कर पाऊंगा। वही उसका तरीका है। मुझे लगता है कि मेरे लिए आदर्श साथी एक हृदय रोग विशेषज्ञ होगा, जो गा सके' अपने टर्न-ऑन के बारे में बताते हुए, निहारिका ने कहा, 卐अगर कोई मुझे कुछ ऐसा सिखा सकता है जो मैं नहीं जानती, या नहीं कर सकती, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ा टर्न-ऑन है, मैं संस्कृत और हिंदी तेज़ गति से पढ़ने में उतनी अच्छी नहीं हूं, इसलिए अगर कोई मुझे कविता सुना सकता है और हिंदी नाटक पढ़ सकता है तो मैं इससे बहुत उत्साहित हो जाउंगी।'



# अली ने चित्रकार सलमान से शादी की अफवाहों को किया खारिज

पाकिस्तानी गायक अली सेठी ने न्यूयॉर्क स्थित चित्रकार सलमान तूर से शादी करने की अफवाहों पर विराम लगा दिया। अली ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की अटकलों पर चुप्पी तोड़ी। अली ने सलमान से न्यूयॉर्क में शादी करने के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने लिखा, मैं शादीशुदा नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि यह अफवाह किसने उड़ाई। लेकिन शायद उन्हें मेरी नई रिलीज-पानिया की मार्केटिंग में मदद करनी चाहिए। उन्होंने अपने नवीनतम गीत का एक लिंक जोड़ा। पत्रकार नजम सेठी और जुगनू मोहसिन के घर जन्मे अली ने 2009 में द विश मेकर नामक उपन्यास से अपने करियर की शुरुआत की।इसके बाद उन्होंने 2012 में फिल्मों की ओर रुख किया। उन्होंने मीरा नायर की द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट के गाने दिल जलाने की बात करते हो से डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने लोकप्रिय ग़ज़लों के साथ-साथ पारंपरिक पंजाबी लोक गीत भी गाए। उन्होंने कई मौलिक संगीत भी प्रस्तुत किये हैं। उनके सबसे उल्लेखनीय गाने आक़ा, रंजिश ही सही, चैन किथन, गुलों में रंग और चांदनी रात है। कोक स्टूडियो के लिए उनका सिंगल पसूरी हिट हो गया और स्पॉटीफाई के वायरल 50 - ग्लोबल चार्ट में शामिल हो गया।



# 'ड्रीम गर्ल 2' से रिप्लेस करने पर छलका नुसरत भरुचा का दर्द

साल 2019 में रिलीज हुई आयुष्मान खुराना और नुसरत भरुचा की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली थी। वहीं अब मेकर्स इस फिल्म का सीक्वल 'ड्रीम गर्ल 2' लेकर आ रहे हैं। 'ड्रीम गर्ल 2' में आयुष्मान के साथ अनन्या पांडे अहम किरदार में नरज आने वाली हैं। हाल ही में नुसरत भरुचा ने 'ड्रीम गर्ल 2' का हिस्सा नहीं बनने पर अपना रिएक्शन दिया है। नुसरत को इस बात का दुख है कि उन्हें 'ड्रीम गर्ल 2' में कास्ट नहीं किया गया। जबकि वह फिल्म के पहले पार्ट यानी 'ड्रीम गर्ल' का हिस्सा थीं। ईटाइम्स संग बात करते हुए नुसरत ने कहा, मैं 'ड्रीम गर्ल' का हिस्सा थी और मैं पूरी टीम से बहुत प्यार करती हूं। मैं उनके साथ काम करना बुरी तरह मिस करती हूं। नुसरत ने कहा, लेकिन मुझे 'ड्रीम गर्ल 2' में क्यों कास्ट नहीं किया, इसका जवाब वही लोग दे सकते हैं। मुझे नहीं पता। कोई लॉजिक भी नहीं है और कोई जवाब भी नहीं है। लेकिन उन्होंने मुझे कास्ट क्यों नहीं किया? मैं भी इंसान हूं, तो जाहिर है दुख तो होता है। और हां, यह नाइंसाफी है। लेकिन मैं समझती हूं। ये उनका फैसला है। कोई बात नहीं। नुसरत की फिल्म 'अकेली' की बॉक्स ऑफिस पर 'ड्रीम गर्ल 2' से टक्कर होने वाली है। इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि मेरी फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है, जिस दिन 'ड्रीम गर्ल 2' रिलीज होगी। पहले मेरी फिल्म 'अकेली' 18 अगस्त को रिलीज हो रही थी, लेकिन कुछ सेंसर इशूज के कारण हमें परमिशन नहीं मिली और इसलिए रिलीज में देरी हुई।

# बातें कुछ अनकही सी में वंदना की एंट्री

टीआरपी लिस्ट में टीवी शोज अनुपमा से लेकर ये रिश्ता क्या कहलाता है तक का जलवा है। ऐसे में अब अनुपमा और अक्षरा ने वंदना का स्वागत किया है। बता दें कि वंदना, स्टार प्लस के नए शो बातें कुछ अनकही सी की लीड कैरेक्टर है। शो में मोहित मलिक और सायली सालुंखे लीड एक्टर्स हैं। स्टार प्लस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बातें कुछ अनकही सी गाने पर अनुपमा और अक्षरा डांस करती दिख रही हैं। इसके बाद वंदना की एंट्री होती है और तीनों बातें करती हैं। ये दोनों वंदना का बेहद प्यार से स्वागत करती दिख रही हैं। बातें कुछ अनकही सी एक मेलोडी से भरा शो होगा। यह अनुपमा और अक्षरा का वंदना के स्वागत का तरीका है, जो सभी को पसंद आ रहा है। यह पहली बार है जब दर्शकों को अनुपमा, अक्षरा और वंदना को एक साथ स्क्रीन पर देखने का मौका मिलेगा। सोशल मीडिया यूजर्स तीनों को साथ में देखने के लिए काफी एक्साइटिड हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक राजन शाही द्वारा निर्मित यह शो उनके सभी शोज से अलग है।



# करोड़ों की मालकिन कृति सेनन रहती हैं किराए के घर में



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन 27 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। कृति ने अपनी शानदार एक्टिंग फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। कृति भले ही अपनी फिल्मों से लाखों रुपए कमाती हैं, लेकिन क्या आपकों पता है वह अभी भी मुंबई में किराए के घर रहती हैं। कृति सेनन बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की किराएदार है। कृति अमिताभ के अंधेरी इलाके वाला ड्युप्लेक्स फ्लैट में किराए से रहती हैं। इस फ्लैट में रहने के लिए कृति सेनन ने दो साल के लिए एग्रीमेंट साइन किया है। खबरों के अनुसार यह एग्रीमेंट अक्टूबर 2021 से अक्टूबर 2023 तक के लिए हैं। अमिताभ ने इस फ्लैट को अप्रैल 2021 में 31 करोड़ से ज्यादा की कीमत में खरीदा था। यह डुप्लेक्स फ्लैट अंधरी वेस्ट की अटलांटिस बिल्डिंग में 27वें और 28वें फ्लोर पर है। कृति सेनन के इस फ्लैट का एक महीने का किराया 10 लाख रुपए हैं और इसके साथ 4 कारों के लिए पार्किंग स्पेश है। इस फ्लैट के लिए कृति भारी-भरकम सिक्योरिटी मनी चुकाई है। भले ही कृति सेनन किराए के घर में रहती हैं लेकिन वह 29 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। Caknowledge की रिपोर्ट के अनुसार कृति की सबसे ज्यादा कमाई एक्टिंग और ब्रांड एंडोर्समेंट से होती हैं। वह एक फिल्म के लगभग 2 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। कृति सेनन ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगू फिल्म से की थी। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू नजर आए थे। कृति ने फिल्म 'हीरोपंती' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। वह मिमी, बरेली की बर्फी और लुका छुपी जैसी कई हिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं।